वर्ष : 17 अंक: 325 | आगरा | सोमवार 17 फरवरी 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.

उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक



आज का तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

# दिल्ली स्टेशन भगदड़, महाकुंभ जा रहे 18 की मौत



## प्लेटफॉर्म नंबर 12 पर आने वाली ट्रेन अब 16 पर आएगी' सुनते ही स्टेशन पर मची थी भगदड़; चश्मदीद ने सुनाया खौफनाक मंजर

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ की असली वजह सामने आ गई है। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। इस दर्दनाक हादसे के बाद स्टेशन पर उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। घटना के गवाह यात्रियों ने बताया कि खौफनाक मंजर था। हर तरफ अफरा-तफरी मच गई थी। लोगों अपने की खोज के लिए चीख-पुकार कर रहे थे।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, भीड़ नियंत्रण से बाहर थी, लोग फुटओवर ब्रिज पर जमा थेज इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। मैंने रेलवे स्टेशन पर इतनी बड़ी भीड़ कभी नहीं देखी, त्योहारों के दौरान भी नहीं। प्रशासन के लोग और यहां तक कि एनडीआरएफ के जवान भी वहां मौजूद थे, लेकिन जब भीड़ सीमा से अधिक हो गई, तो उन्हें नियंत्रित करना संभव नहीं था।

एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने अराजकता का जिक्र करते हुए कहा कि ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा के बाद भीड़ दोनों तरफ से आ गई, जिससे भगदड़ मच गई। उन्होंने कहा, भीड़ को नियंत्रित करने वाला कोई नहीं थाज यह घोषणा की गई थी कि प्लेटफॉर्म नंबर 12 पर आने वाली ट्रेन अब प्लेटफॉर्म नंबर 16 पर आएगी। इसलिए, भीड़ दोनों तरफ से आ गई और भगदड़ मच गईज कुछ लोगों को अस्पताल ले जाया गया।

एलएनजेपी अस्पताल में मौजूद भगदड़ में अपनी बहन को खो चुके पीड़ित ने कहा, हम 12 लोग महाकुंभ जा रहे थे। हम प्लेटफॉर्म पर भी नहीं पहुंचे थे, लेकिन सीढ़ियों पर थेज मेरी बहन सहित मेरा परिवार भीड़ में फंस गया था। हमने उसे आधे घंटे बाद पाया, तब तक वह मर चुकी थी।

यह घटना रात करीब 10 बजे हुई, जब हजारों श्रद्धालु महाकुंभ 2025 उत्सव के लिए प्रयागराज जा रहे थे, जिससे स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ हो गई। ट्रेन के प्रस्थान में देरी और लगभग 1,500 जनरल की टिकटों की बिक्री ने स्थिति को और बिगाड़ दिया और भीड़ को और बढ़ा दिया। महाकुंभ जाने के लिए स्पेशल ट्रेन की घोषणा हुई थी, इसके बाद अफतराफरी मची गई।

## नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ की वजह जानने के लिए उच्चस्तरीय जांच जारी : सीपीआरओ

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मचने के बाद 18 लोगों की मौत हो गई। इस घटना को लेकर तरह-तरह की अफवाहें सामने आ रही है, जिस पर उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक दुखद घटना घटी, जो प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 के बीच सीढ़ियों पर हुई। इस घटना में कई यात्री घायल हो गए, जिनमें से कुछ अन्य यात्रियों के गिरने के कारण चपेट में आ गए। जानकारी के अनुसार, प्लेटफॉर्म 14 पर पटना की ओर जाने वाली मगध एक्सप्रेस खड़ी थी, जबकि 15 पर जम्मू की ओर जाने वाली उत्तर संपर्क क्रांति खड़ी थी। घटना उस समय हुई जब फुट ओवर ब्रिज के माध्यम से यात्री प्लेटफॉर्म की तरफ जा रहे थे, और सीढ़ियों पर फिसल कर गिर गए, जिसके कारण अन्य यात्री भी चपेट में आ गए। इस दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चस्तरीय कमेटी द्वारा जांच की जा रही है। दरअसल, घटना के बाद यह अफवाह फैलने लगी कि गाड़ियों का प्लेटफॉर्म बदलने के कारण भगदड़ मची, जिससे यह दुर्घटना हुई। हालांकि, हिमांशु शेखर उपाध्याय ने इसका खंडन किया। उन्होंने कहा कि गाड़ियों का प्लेटफॉर्म बदलने के बारे में जो खबरें फैल रही हैं, वह पूरी तरह से निराधार हैं। कोई ट्रेन न तो रद्द की गई थी और न ही किसी ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदला गया था। उन्होंने आगे बताया कि इस दौरान रेलवे ने पांच से छह मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया था, लेकिन ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने के बारे में कोई सच्चाई नहीं है। रेलवे सीपीआरओ ने यह भी पुष्टि की कि रात भर सामान्य रूप से ट्रेनें चलती रहीं और स्थिति अब पूरी तरह से सामान्य है। उन्होंने जनता से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और घटना की जांच चल रही है।

### संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली बीजेपी विधायक दल की बैठक कल, चुना जाएगा नए सीएम का नाम, 20 फरवरी को शपथग्रहण समारोह

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली में सरकार गठन से जुड़ी इस वक्त की बड़ी खबर है। 19 फरवरी (मंगलवार) को दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें दिल्ली का नया सीएम चुन लिया जाएगा। 20 फरवरी को शपथग्रहण समारोह होगा। ये जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। हालांकि शपथग्रहण समारोह बहुत बड़ा और भव्य नहीं होगा।

## दतिया पहुंचे फिल्म अभिनेता सनी देओल: बड़ी हवेली में राजा माधव सिंह से की मुलाकात

**दतिया,एजेंसी।** फिल्म अभिनेता सनी देओल दतिया जिले के बड़ौनी पहुंचे. उन्होंने राजा नारायण सिंह पैलेस (बड़ी हवेली) पहुंचकर राजा माधव सिंह से मुलाकात की और पुरानी यादें ताजा की. रविवार को अभिनेता सनी देओल खुद गाड़ी बड़ौनी पहुंचे. लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया. इस दौरान सनी देओले के साथ सेल्फी लेने के लिए फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी. उन्होंने सभी के साथ सेल्फी भी लिया. इसके बाद सनी बड़ौनी की उस विख्यात हवेली में भी गए, जहां उन्होंने 1986 में यतीम फिल्म की शूटिंग की थी. बता दें कि सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग उत्तर प्रदेश के बबीना कैंट में चल रही है ।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन आज मुरैना आयेंगे

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न प्राप्त स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का करेंगे अनावरण



**मुरैना,कांस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 17 फरवरी, 2025 को एक दिवसीय प्रवास पर मुरैना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 17 फरवरी को प्रातः 10:50 बजे प्लेन द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर पूर्वान्ह 11:35 बजे ग्वालियर आयेंगे। ग्वालियर से पूर्वान्ह 11:40 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे 5वीं बटालियन मुरैना हेलीपेड पर उतरेंगे और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न प्राप्त स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 12:50 बजे 5वीं बटालियन मुरैना हेलीपेड से प्रस्थान कर दोपहर 01:05 बजे राजघाट चम्बल पहुंचकर कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री दोपहर 2:45 बजे राजघाट से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 03 बजे करह धाम में लोकल प्रोग्राम में सम्मिलित हांगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 3:35 बजे करह धाम से हेलीकॉप्टर द्वारा ग्वालियर के लिये प्रस्थान करेंगे। ग्वालियर से सायं 4:45 बजे प्लेन द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

## पीडब्ल्यूडी के एसई दीपक कुमार मित्तल के आधा दर्जन ठिकानों पर छापे

**जयपुर ,एजेंसी।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने रविवार सुबह सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) (विधुत खंड-द्वितीय, जोधपुर) के अधिशाषी अभियंता दीपक कुमार मित्तल के आधा दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और फरीदाबाद में एक साथ की जा रही इस कार्रवाई में करोड़ों की बेनामी संपत्तियों का खुलासा होने की आशंका है।



# किडनैपर के चुंगल से छूट राहगीरों की सहायता से पहुंचा घर

## खेलते बालक को सामान पकड़वाने के बाहने किया किडनैप



**खेरागढ़।** खेलते बालक को सामान पकड़वाने के बाहने से बालक को किडनैप कर सरसों के खेतों में ले जाकर गर्दन को स्वाफी से दाबकर हवस का शिकार बनाने की कोशिश की गई। लेकिन किडनैपर के चुंगल से छूट राहगीरों के से मांगी सहायता। होमगार्ड ने बाइक रोकी तो बालक होमगार्ड से चिपक गया। होमगार्ड को बालक ने बताया तब तक पीछा कर रहा किडनैपर खाकी वर्दी देखकर फरार हो गया। राहगीरों ने पुलिस व परिजनों को दी सूचना। परिजनों को सूचना मिलते ही पैरों से जमीन खिसक गई। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी। थाना खेरागढ़ पुलिस ने अभी तक किडनैपर के खिलाफ नहीं खिला मुकदमा। थाना खेरागढ़ के ग्राम खुशीयापुर निवासी 13 वर्षीय शिवम पुत्र गौतम ने बताया कि गुरुवार शाम 6 बजे के लगभग घर के पास खेल रहा था तभी गांव का ही शंकर पुत्र रामनिवास आया था जिसने ने कुकडई से बाइक पर सामन पकड़ कर लाने की कह कर बैठा ले गया था।जब कुकडई से पार किया तो पूछा कहां ले जा रहे हैं तक तब खेतों में लेकर पहुंचा जहां कहा कि शौच करना है। शौच करने के बाद खेत के अन्दर लेकर गले को स्वाफी से दाबकर कर हवस का शिकार बनाने की कोशिश करने लगा।इसी दौरान कुछ खोजबीन करने लगा तो मौका देखकर भागकर सड़क पर दौड़ लगा दी।और राहगीरों से सहायता मांगी लेकिन किसी ने नहीं की। शिवम् दौड़ते समय एक खाकी वर्दी देखकर बाइक के आगे हाथ जोड़कर खड़े हो गए। होमगार्ड ने बाइक रोकी तो बालक होमगार्ड से चिपक गया। होमगार्ड बालक की समझ पाता तब तक पीछा कर रहा किडनैपर फरार हो गया। सड़क पर फिर तो भीड़ लग गया तो बालक ने अपनी गुजरी समस्या बताई तो राहगीर दंग रह गए। होमगार्ड ने शिवम् के परिजनों को सूचना दी पिता धौलपुर मजदूरी कर रहा था मां घर पर थी।वहां से किरावली क्षेत्र के नगला जखा निवासी देवेंद्र ने देखा तो होमगार्ड से जिम्मेदारी लेते हुए बालक शिवम को घर लेकर पहुंचा परिजनों ने बालक की सुन सब के सब दंग रह गए। शिवम् को मां व चाचा संतोष ने थाने में लेकर पहुंचकर तहरीर दी। किडनैपर शंकर के परिजन पीड़ित के माता पिता को राजीनामा के लिए अनेक प्रकार की यातनाएं देकर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। शिवम् के पिता गौतम ने बताया कि पुलिस ने शिवम् को ले जाकर हर बिंदु को परखा लेकिन अभी तक शंकर पुत्र रामनिवास गांव खुशीयापुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया है। इस संबंध में एसीपी खेरागढ़ से मोबाइल पर कई बार कॉल करने पर सीयूजी नंबर को रिसीव नहीं किया गया ।

# मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया है : वाई.पी. सिंह

**हाथरस।** भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में केन्द्रीय बजट संगोष्ठी एवं प्रेसवार्ता आहूत हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वाई0पी0 सिंह चेयरमैन यू0पी0 सिडको (राज्य मंत्री) रहें। मुख्य अतिथि ने केन्द्रीय बजट पर बोलते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया है, उनके योगदान को मान्यता देते हुए, सरकार ने समय-समय पर उनके कर के बोझ को कम किया है, 2014 के ठीक बाद, %शून्य कर% स्लैब को बढ़ाकर ?2.5 लाख कर दिया गया, जिसे 2019 में बढ़ाकर ?5 लाख और 2023 में ?7 लाख कर दिया गया, नई व्यवस्था के अंतर्गत 12 लाख रुपये तक की आय अर्थात पूंजीगत लाभ जैसी विशेष दर आय को छोड़कर प्रति माह 1 लाख रुपये की औसत आय पर कोई आयकर नहीं देना होगा, वेतनभोगी वर्ग के लिए, ?12.75 लाख की वार्षिक आय तक कोई आयकर लागू नहीं है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग को, ?75000 का मानक कटौती लाभ उपलब्ध है, इसके साथ ही सरकार % प्रधानमंत्री धन- धन्य कृषि योजना% शुरू करेगी राज्यों के साथ साझेदारी में इस योजना के अंतर्गत कम उत्पादकता, मध्यम फसल सघनता और औसत से कम ऋष्टा मानकों वाले 100 जिले शामिल होंगे, इससे 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी, किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों को अल्पावधि ऋष्टा की सुविधा प्रदान करता है, संशोधित ब्याज सहायता योजना के तहत ऋष्टा के लिए केसीसी ऋष्टा सीमा ?3 लाख से बढ़ाकर ?5 लाख की जाएगी, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋष्टा सीमा को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया गया है ,




जिससे अगले 5 वर्षों में 1.7लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋष्टा उपलब्ध होगा, स्टार्टअप्स के लिए 10 करोड़ से 20 करोड़ रुपये तक , आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण 27 फोकस क्षेत्रों में ऋष्टा के लिए गारंटी शुल्क को घटाकर 1 प्रतिशत किया गया , अच्छी तरह से संचालित निर्यातक एमएसएमई के लिए 20 करोड़ रुपये तक के सावधि ऋष्टा, एमएसएमई को उच्च दक्षता, तकनीकी उन्नयन और पूंजी तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करने के लिए , सभी एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा को क्रमशः 2.5और 2 गुना तक बढ़ाया जाएगा ।

हाथरस सांसद अनूप प्रधान बाल्मीक ने बजट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोगियों, विशेषकर कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और अन्य गंभीर दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों को राहत प्रदान करने के लिए सरकार ने 36 जीवनरक्षक औषधियों को मूल सीमा शुल्क बीसीडी से पूर्ण छूट वाली औषधियों की सूची में जोड़ने का प्रस्ताव किया है एवं सरकार उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपये की सीमा वाले %कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड% शुरू करेगी ,पहले वर्ष में ऐसे 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे, फुटवियर और चमड़ा क्षेत्र के लिए एक फोकस उत्पाद योजना लागू की जाएगी , इस योजना से 22 लाख लोगों को रोजगार मिलने 4 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने और 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात होने की उम्मीद है । सदर विद्यायक अंजुला सिंह माहौर ने कहा कि सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 कार्यक्रम यह योजना देश भर में 8 करोड़ से अधिक बच्चों 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं तथा आकांक्षी जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 20 लाख किशोरियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करती है।पोषण सहायता के लिए लागत मानदंडों को उचित रूप से बढ़ाया जाएगा, अगले 5 वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी पिछले 10 वर्षों में 23 आईआईटी में छात्रों की कुल संख्या 65,000 से 1.35 लाख तक 100 प्रतिशत बढ़ गई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता में उत्कृष्टता केंद्र शिक्षा के लिए 500 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ एक कॉलेज स्थापित किया जाएगा । अगले वर्ष मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 10,000 अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी , अगले 5 वर्षों में 75,000 सीटें जोड़ने का लक्ष्य है। सरकार ने 10 वर्षों में लगभग 1.1 लाख यूजी और पीजी मेडिकल शिक्षा सीटें जोड़ी हैं, जो 130 प्रतिशत की वृद्धि है। अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की सुविधा प्रदान करेगी2025 में 200 केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सिकंदरराऊ विद्यायक वीरेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि सरकार द्वारा एक परमाणु ऊर्जा मिशन स्थापित किया जाएगा , 2033 तक कम से कम 5 स्वदेशी रूप से विकसित एसएमआर चालू हो जाएंगे। जहाज निर्माण वित्तीय सहायता नीतिजहाज निर्माण क्षेत्र में लागत संबंधी नुकसान को दूर करने के लिए इसमें सुधार किया जाएगा, समुद्री उद्योग के दीर्घकालिक वित्तपोषण के लिए 25,000 करोड़ रुपये की पूंजी के साथ समुद्री विकास कोष की स्थापना की जाएगी, जुलाई बजट में घोषित निजी क्षेत्र संचालित अनुसंधान, विकास और नवाचार पहल को लागू करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं । अध्यक्षीय उद्बोधन ने भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी में बोलते हुए कहा कि बेरोजगारी के मुद्दे पर लोगो में भ्रम फैला रही विपक्षी पार्टियों के लिए यह बजट उन्हे मुद्दा विहीन बनाने का काम करेगा, एवं यह बजट गरीबो, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए समर्पित है, इस बजट के जरिए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की एक मजबूत नींव रखने का काम किया गया है। मैं इस बजट के लिए आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का ह्दय से धन्यवाद देता हूँ 7संगोष्ठी का सञ्चालन जिला महामंत्री रुपेश उपाध्याय ने किया एवं कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री हरीश सेंगर रहे 7 कार्यक्रम में डौली माहौर, महेंद्र सिंह आचार्य, रामवीर सिंह परमार, सत्यपाल सिंह मदनावत, हरिशंकर राणा, प्रीती चौधरी, ब्रजेश सिंह चौहान, सुनील गौतम, अविनाश तिवारी, विष्णु बघेल, अनिल सिसोदिया, रामकुमार माहेश्वरी, भूपेंद्र कौशिक, मीरा माहेश्वरी, तपन जौहर, एशियाड कुलश्रेष्ट, सुनील अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, विष्णु गौतम, डा0एसपीएस चौहान, कुशलपाल सिंह पौरुष, सुनीता वर्मा, रामवीर माहौर, मोहित बघेल,हाफ़िज़ सब्बीर अहमद, मुकेश चौहान, मूलचंद वार्ष्णेय, सचिन दीक्षित, अंकुश गौड़, अरुण चौधरी, सुनील कुमार, गजेन्द्र कुमार सेगर, सूरज शाह, प्रदीप शर्मा, जितेन्द्र राजपूत, स्मृति पाठक, सोनिया नारंग, शालिनी पाठक, बासुदेव माहौर, राजेश सिंह गुड्डू , प्रवीन कुमार, मुरारी वार्ष्णेय, शिवदेव दीक्षित, नीरेश कुमार सिंह, राजेंद्र सिंह धाकरे, योगेन्द्र सिंह गहलौत, चौ0 भोला सिंह रावत, गजेन्द्र राना, नरेश ठाकुर, राजकुमार जैन, वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता कप्तान, विवेक गुप्ता, विवेक रावत, अशोक गोला प्रदीप सिंह, राजकुमार गुप्ता, सुरेश चौधरी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# मोहम्मद समीर प्रदेश सचिव, आफताब अली जिला महासचिव बने



**फिरोजाबाद।** अमन पसंद कमैटी सामाजिक संस्था द्वारा कमैटी संस्थापक अध्यक्ष इब्राहिम हनीफ़ ख़ाकसार की मौजूदगी में एवं सभी पदाधिकारी की सहमति से मोहम्मद समीर, को प्रदेश सचिव उ. प्र. आफताब अली, को जिला महासचिव फिरोजाबाद मोहम्मद आरिफ, को जिला सचिव की जिम्मेदारी दी गई साथ ही नियुक्ति पत्र भी दिया सभी नवनियुक्त संगठन के पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती और परेशान लोगों की सहायता करने का संकल्प लिया इस मौके पर कमैटी वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंशुल जैन, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश मास्टर नदीम अहमद, प्रदेश प्रमुख महासचिव नाजिम अली, प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश फहीम कुरैशी, जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद डा.आरिफ अली, जिला कोषाध्यक्ष फिरोजाबाद मोहम्मद अजीम खान, जिला सचिव फिरोजाबाद साहब आलम कुरैशी, जिला सचिव फिरोजाबाद आसिफ राइन, जिला कार्यकारिणी सदस्य फिरोजाबाद बिलाल कुरैशी, आदि लोग मौजूद रहे!

# ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक ने परिवार सहित निहारे सीकरी के ऐतिहासिक स्मारक



**फतेहपुर सीकरी।** भारतीय मूल के ब्रिटिश राजनेता पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कड़ी सुरक्षा के बीच सपरिवार सहित सीकरी में बने लाल पत्थर से ऐतिहासिक स्मारकों का अवलोकन किया। वीआईपी गेट दीवाने आम पर प्रशासन पुलिस ने पूर्व पीएम का स्वागत किया। पूर्व पीएम ऋषि सुनक पत्नी अक्षता नारायण मूर्ति के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच 11ः30 बजे फतेहपुर सीकरी के वीआईपी गेट दीवाने पर पहुंचे जहां उपजिला अधिकारी राजेश कुमार भारतीय पुरातत्व विभाग के संरक्षण सहायक दिलीप फौजदार, एसीपी ताज सुरक्षा ,थाना प्रभारी धर्मेंद्र दहिया ने स्वागत किया । सीकरी के ऐतिहासिक स्मारकों की जानकारी पुरातत्व विभाग के वीआईपी गाइड समसुद्दीन खान ने पूर्व पीएम व उनके साथ आए परिवार के लोगों को दी पूर्व पीएम में दीवाने खास ,खजाना महल ,तानसेन प्लेटफॉर्म ,पंचमहल, तुर्की सुल्तान महल ,बीरबल पैलेस, जोधा बाई पैलेस आदि के बारे में बारीकी से जानकारी स्मारक भ्रमण के तत्पश्चात पूर्व पीएम ने बुलंद दरवाजा परिसर स्थित हजरत शेख सलीम चिश्ती की मजार पर पहुंचे चादरपोशी कर विश्व में शांति और सौहार्द की दुआ की । चादरपोशी के पश्चात उन्होंने सूफियाना कव्वालियों का लुत्फ उठाया । ब्रिटेन के पूर्व पीएम ने एशिया के सबसे बड़े द्वारा बुलंद दरवाजे का भी अवलोकन किया। इस दौरान ब्रिटेन के पूर्व पीएम व परिवार की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

# वृद्धा की हत्या की घटना का हुआ खुलासा, दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**हाथरस।** छह फरवरी को वादी फिरोज खाँ पुत्र सफी मुहम्मद निवासी कानऊ थाना हसायन द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि घेर में अज्ञात अभियुक्तों द्वारा उसकी माताजी की हत्या कर दी है । उक्त सूचना के आधार पर थाना हसायन पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया । मृतक की पोस्टमोर्टम रिपोर्ट मे मृत्यु का कारण गला दबाकर मृत्यु होना आया है । पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी हसायन को निर्देशित किया गया था । जिसके क्रम मे गठित पुलिस टीमो के कठिन परिश्रम व अथक प्रयासोपरान्त ग्राउन्ड, टेक्निकल इंटेलीजेन्स व अन्य श्रोतो से प्राप्त सूचनाओं के अभिसंकलन से रविवार को थाना हसायन पुलिस द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । जिनके नाम फिरोज खाँन पुत्र सफी मुहम्मद निवासी कानऊ थाना हसायन, एक अभियुक्ता है।अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना हसायन पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त फिरोज खाँ से पूछताछ करने पर बताया गया कि मृतका द्वारा अभियुक्त फिरोज खाँ को गोद लिया था । मृतका ने पूर्व में अपनी जायदाद फिरोज खाँ उपरोक्त के नाम कर दी थी । मृतका के नाम पुस्तैनी प्लाट था, मृतका के पति की मृत्यु के पश्चात अभियुक्त फिरोज खाँ की पत्नी द्वारा मृतका को लगातार परेशान किया जाने लगा । जिससे मृतका द्वारा पुस्तैनी घर अभियुक्तगणों को देने मना कर दिया था । मृतका की सोने की अंगूठी को अभियुक्ता द्वारा मारपीट कर छीन लिया गया था, जिससे मृतका रूष्ट होकर अपने मायके जाना चाहती थी । अभियुक्तगण को लगा कि यदि मृतका अपने मायके चली गई तो यह प्लॉट अन्य किसी के नाम कर देंगी, इसी बात को लेकर अभियुक्त गण द्वारा रात्रि में गला दबाकर वृद्धा की हत्या कर दी । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम थाना प्रभारी सुनील कुमार मय टीम थाना हसायन है।

# सुदिती किड्स प्ले स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव




**मैनपुरी।** नगर के सुदिती किड्स प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव (एनुअल डे) बच्चों के गीत, नृत्य और मनोरंजक गतिविधियों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस खास अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया और बच्चों के साथ मस्ती भरे पलों का आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यालय सुदिती ग्लोबल एकेडमी, मैनपुरी के प्रधानाचार्य डा0 राम मोहन, प्रशासनिक प्रधानाचार्य डा0 कुसुम मोहन, मैनेजिंग डायरेक्टर डा0 लव मोहन, कैम्पस कोआर्डीनेटर अल्का दुबे ने विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद नर्सरी के बच्चों ने स्वागत गीत, आइए आपका इंतजार था प्रस्तुत कर सभी का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन कैंपस कोऑर्डिनेटर श्रीमती अलका दुबे के निर्देशन में सुदिती किड्स की शिक्षिकाओं श्रद्धा दीक्षित, स्वाति गुप्ता और अन्य शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने मिलकर किया। कक्षा 1 और 2 के बच्चों ने एक रंगारंग कव्वाली प्रस्तुत की, जिसने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कक्षा 2 के बच्चों ने फाइव स्टेट्स सॉन्ग और बॉयज मैशअप प्रस्तुत कर सभी को हैरान कर दिया। इसके बाद बच्चों ने एक शानदार फैशन शो प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने विभिन्न संस्कृतियों और पोशाकों को दर्शाया। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. लव मोहन ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। प्रशासनिक प्रधानाचार्य डा0 कुसुम मोहन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों का आभार व्यक्त किया।


# रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन, रिशेड्यूलिंग एवं मार्ग परिवर्तन

भारतीय रेल द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महाकुंभ मेला 2025 के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन, रिशेड्यूलिंग एवं मार्ग परिवर्तन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

## रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - स्टेशन तक | प्रयागराज जं. पर वर्तमान समय आगमन | प्रयागराज जं. पर वर्तमान समय प्रस्थान | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| दिनांक 17.02.2025 (सोमवार) को प्रयागराज जं. पर आने वाली रेलगाड़ियाँ | | | | |
| 12428 | आनन्द विहार (ट.)-रीवा | 06:10 | 06:15 | 17.02.2025 |

## रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन

| गाड़ी सं. | स्टेशन से-स्टेशन तक | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि | शार्ट टर्मिनेटेड/ओरिजिनेटेड स्टेशन | शार्ट टर्मिनेटेड/ओरिजिनेटेड स्टेशन पर टेंटेटिव आगमन/प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14117 | प्रयागराज-बर्द्धमान | 17.02.2025 | कानपुर सेंट्रल | प्रस्थान - 18:25 |

## रेलगाड़ियों की रिशेड्यूलिंग

| गाड़ी सं. | स्टेशन से-स्टेशन तक | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि | प्रारंभिक स्टेशन से वर्तमान समय | रिशेड्यिुल्ड (घंटे' मिनट'' में) | प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्तावित प्रस्थान समय | प्रयागराज जं. पर वर्तमान प्रस्थान समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिनांक 17.02.2025 (सोमवार) को प्रयागराज जं. पर आने वाली रेलगाड़ियाँ | | | | | | |
| 12792 | दानापुर-सिकंदराबाद | 17.02.2025 | 12:15 | 04'00'' | 16:15 | 20:20 |
| 20840 | नई दिल्ली-रांची | 17.02.2025 | 16:10 | 02'00'' | 18:10 | 22:58-23:00 |
| 12424 | नई दिल्ली-डिब्रुगढ़ | 17.02.2025 | 16:20 | 02'00'' | 18:20 | 23:08-23:10 |
| 12302 | नई दिल्ली-हावड़ा | 17.02.2025 | 16:50 | 02'00'' | 18:50 | 23:41-23:43 |
| 22812 | नई दिल्ली-भुवनेश्वर | 17.02.2025 | 17:00 | 02'00'' | 19:00 | 23:51-23:53 |
| 18428 | आनंद विहार(ट.)-पुरी | 17.02.2025 | 17:20 | 02'00'' | 19:20 | 00:23-00:25 |
| 15159 | छपरा-दुर्ग | 17.02.2025 | 07:10 | 04'00'' | 11:10 | 15:15-15:35 |
| 12816 | आनंद विहार(ट.)-पुरी | 17.02.2025 | 07:30 | 04'00'' | 11'30'' | 15:55-16:05 |
| 18310 | जम्मू तवी-सम्बलपुर | 16.02.2025 | 14:20 | 04'00'' | 18'20'' | 17:10-17:20 |
| 15631 | बाड़मेर-गुवाहाटी | 17.02.2025 | 00:05 | 04'00'' | 04'05 | 21:25-21:35 |
| 12316 | उदयपुर सिटी-कोलकाता | 17.02.2025 | 00:45 | 04'00'' | 04'45 | 22:05-22:10 |

## रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| गाड़ी सं. | स्टेशन से स्टेशन तक | प्रयागराज जं. पर वर्तमान समय आगमन | प्रयागराज जं. पर वर्तमान समय प्रस्थान | निर्धारित मार्ग | प्रस्तावित परिवर्तित मार्ग वाया | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12488 | आनंद विहार ट.-जोगबनी | 16:55 | 17:00 | कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. | कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी-गोरखपुर | 17.02.2025 |
| 15484 | दिल्ली-अलीपुर द्वार जं. | 17:40 | 17:45 | कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. | कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी-गोरखपुर | 17.02.2025 |
| 15631 | बाड़मेर-गुवाहाटी | 21:25 | 21:35 | कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. | कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी-गोरखपुर | 17.02.2025 |
| 15018 | गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट.) | 15:50 | 16:10 | औड़िहार-वाराणसी-जंघई-प्रयागराज जं.-मानिकपुर | गोरखपुर-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी | 17.02.2025 |
| 11072 | बलिया लोकमान्य तिलक (ट.) | 19:10 | 19:35 | वाराणसी-जंघई-प्रयागराज जं.-मानिकपुर | वाराणसी-जौनपुर-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना | 17.02.2025 |
| 22130 | अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक (ट.) | 18:00 | 18:25 | अयोध्या कैंट-प्रयाग-प्रयागराज-मानिकपुर | अयोध्या कैंट-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-उरई-वीरांगनालक्ष्मीबाई झाँसी | 17.02.2025 |
| 15017 | लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर | 07:55 | 08:20 | मानिकपुर-प्रयागराज जं.-जंघई-वाराणसी | इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी-गोरखपुर | 17.02.2025 |
| 11071 | लोकमान्य तिलक(ट.)-बलिया | 15:50 | 16:15 | बीना-सागर-मानिकपुर-प्रयागराज-जंघई-वाराणसी | बीना-वीरांगनालक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-जौनपुर-वाराणसी | 17.02.2025 |
| 12488 | आनंद विहार(ट.)-जोगबनी | 16:55 | 17:00 | कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. | कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी-गोरखपुर | 18.02.2025 |
| 15484 | दिल्ली-अलीपुरद्वार जं. | 17:40 | 17:45 | कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. | कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी-गोरखपुर | 18.02.2025 |
| 15018 | गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट.) | 15:50 | 16:10 | औड़िहार-वाराणसी-जंघई-प्रयागराज-मानिकपुर | गोरखपुर-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी | 18.02.2025 |
| 11072 | बलिया-लोकमान्य तिलक (ट.) | 19:10 | 19:35 | वाराणसी-जंघई-प्रयागराज-मानिकपुर | वाराणसी-जौनपुर-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना | 18.02.2025 |

नोटः- रेल यात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों की समय-सारणी, संरचना एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139, एनटीईएस ऐप एवं रेल मदद वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in के माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं0 1800 4199 139 | उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 325/25 (A)

# प्रधानमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ देशवासियों की पहली पसंदः हिन्दू महासभा

## श्रीराम जन्मभूमि पर गूंजा हिन्दू राष्ट्र निर्माण का उद्घोष

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** प्रयागराज महाकुंभ में माघी पूर्णिमा का अमृत स्नान करने और वाराणसी में भगवान विश्वनाथ के दर्शन करने के उपरांत अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में हिन्दू महासभा पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल अयोध्या पहुंचा। राष्ट्रवाद की भावना से ओत-प्रोत हिन्दू महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने अयोध्या पहुंचकर अखंड भारत हिन्दू राष्ट्र निर्माण का उद्घोष किया। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता, केरल प्रदेश अध्यक्ष राजेश के सहित अनेक पदाधिकारी शामिल थे। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने अयोध्या धाम स्टेशन पर हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी और अन्य पदाधिकारियों को पटका पहनाकर अयोध्या आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने श्रीराम जन्मभूमि पर राम लला और हनुमान गढ़ी में अयोध्या के राजा भगवान हनुमान के दर्शन कर उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज को 2029 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया। राम लला और भगवान हनुमान के दर्शन के बाद उपस्थित पत्रकारों से वार्ता करते हुए हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी महाराज भावी प्रधानमंत्री के रूप में देशवासियों की पहली पसंद बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से पूर्व जिस तरह हिंदूवादी संगठनों ने गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में हिंदुत्ववादी अभियान चलाकर ऐतिहासिक रूप से उनके प्रधानमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त किया था, उसी तर्ज पर हिन्दू महासभा अपने सहयोगी और समर्थक संगठनों के साथ मिलकर योगी आदित्यनाथ जी महाराज के समर्थन में सकारात्मक अभियान चलाकर उनके प्रधानमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त करेगी। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी फ़ोन वार्ता में सांध्य पहल को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योगी आदित्यनाथ जी महाराज भारतीय जनता पार्टी के लिए जीत की संजीवनी बन चुके है। देश का बहुसंख्यक समाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल से प्रसन्न एवं संतुष्ट है, किंतु देश को स्वर्णिम विकास युग में ले जाने के लिए भाजपा के लिए अब मोदी से आगे योगी के नाम पर विचार करने के लिए सही समय आ गया है। अधिवक्ता मिश्र ने जारी बयान में बताया कि राम लला के दर्शन के दौरान हिन्दू महासभा पदाधिकारी ÷ सौगंध राम की खाई थी - मंदिर वहीं बनाया है - सौगंध राम की खाते है - योगी आदित्यनाथ को पी एम बनाएंगे ÷ के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड समाप्त करने, समान नागरिक संहिता लागू करने, भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने, राम चरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ का दर्ज देने, मुगल शासनकाल के विध्वंस हुए सभी मंदिरों की जमीन वापस लेकर वहां स्थापित विधर्मी प्रतीकों का विध्वंस कर भव्य मंदिरों का निर्माण और रामराज्य की स्थापना हिन्दू महासभा की प्राथमिकता में शामिल है। हिन्दू महासभा प्राथमिकता के आधार पर अपना अभियान जारी रखेगी।

# हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा संग सम्पन्न हुआ भगवान बाहुबली स्वर्ण जयंती समारोह



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** 936 वर्ष प्राचीन मंदिर आज पुष्पों की सुगंध और जगमग रोशनी से सुसज्जित था। हजारों श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति के साथ हर तरफ श्रद्धाभाव बिखरा नजर आ रहा था। भगवान बाहुबली की प्रतिमा पर जलाभिषेक के लिए हर भक्त ललायित था। कुछ ऐसा ही नजारा था आज मोती कटरा स्थित 936 वर्ष प्राचीन एवं अतिशयकारी जिनालय में। जहां विराजित भगवान बाहुबली की प्रतिमा का स्वर्ण जयन्ती महोत्सव (महामस्ताभिषेक) उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। विभिन्न शहरों से पधारे श्रद्धालुओं द्वारा भगवान बाहुबली की 1008 कलशों से जलाभिषेक किया गया। श्री अग्रवाल दिगम्बर जैन समिति मोती कटरा द्वारा आयोजित स्वर्ण जयन्ति महोत्सव में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्रीविहसन्त सागर मुनिराज व मुनिश्री विश्वसाम्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में मुख्य शांति धारा के साथ महामस्ताभिषेक का शुभारम्भ किया। आयोजक समिति के अध्यक्ष राकेश जैन पर्देवालों ने सभी विभिन्न शहरों से आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इसके उपरान्त केसरिया वस्त्र धारण किए भक्तों ने बारी-बारी भगवान बाहुबली का महामस्तकाभिषेक किया।आसमान में उड़ते हेलीकॉप्टर से जब मंदिर परिसर में एक कुंतल पुष्पों की वर्षा हुई तो हर तरफ भगवान बाहुबली के जयकारे गूंजने लगा। हेलीकॉप्टर में बैठे प्रद्युम्न, रोहित अहिंसा व मिलिन्द ने 10 से अधिक राउंड लगाते हुए मंदिर परिसर में पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। स्वागत अध्यक्ष निर्मल मोठ्या हीरालाल बैनाड़ा थे । संचालन मुख्य संयोजक मनोज जैन बाकलीवाल ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ज्ञानचंद जैन, प्रदीप जैन, अभिनंदन जैन पीएनसी पवन जैन, जगदीशप्रसाद जैन सुनील जैन ठेकेदार, विष्णु कुमार जैन, हीरालाल बैनाड़ा, विमल मारसन्स, भोलानाथ सिंघई, पंकज जैन, नीरज जैन, विजय जैन, मनोज जैन,संजय जैन, वीरेन्द्र जैन, महेन्द्र जैन, मुन्नालाल, रविन्द्र जैन, मीडिया प्रभारी शुभम जैन आदि उपस्थित थे।

**पुष्पों और सतरंगी रोशनी से सजा मंदिर**

937 वर्ष प्राचीन मंदिर में भगवान बाहुबली की प्रतिमा के 50वें स्थापना दिवस (स्वर्ण जयन्ती) के अवसर पर मंदिर परिसर को सतरंगी पुष्पों व झिलमिल रोशनी से सजाया गया। प्रातः 8 बजे से संध्या काल तक भगवान बाहुबली के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।

# जन सेवा केंद्र संचालक पर बदमाशों का हमला, लहूलुहान कर लूट ले गए चार लाख रुपये से भरा बैग

**जनसेवा केंद्र संचालक से बदमाशों ने चार लाख रुपये लूट लिए। बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर बदमाशों ने तमंचे की बट से सिर में प्रहार करके घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।**

सांध्य पहल संवाददाता


किरावली सीएचसी पर मेडिकल के लिए आया जनसेवा केंद्र संचालक राजकुमार

**आगरा।** जनपद के थाना किरावली क्षेत्र में आगरा जयपुर हाईवे किनारे नगला वहरावती मार्ग पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने जनसेवा केंद्र संचालक के सिर में तमंचे की बट और डंडा मारकर लाखों रुपये से भरा थैला लूट लिया। विरोध करने पर धमकी देते हुए फरार हो गए। लूट की सूचना पर किरावली पुलिस मौके पर पहुंची।

**रात को मोटरसाइकिल से लौट रहे थे घर**

किरावली बाईपास चौराह स्थित नगला वहरावती निवासी (42) वर्षीय राजकुमार पुत्र विजय बहादुर किरावली बाईपास चौराहा पर साइबर कैफे चलाता है, जिसमें प्राइवेट जनसेवा केंद्र संचालक के रूप में काम करता है। शनिवार रात नौ बजे पीड़ित राजकुमार जनसेवा केंद्र कि दुकान बंद करके रोजाना की तरह वह बाइक पर घर जा रहे थे करीब चार लाख रुपए की नगदी से भरा बैग लेकर जा रहा था। तभी नगला बहरावती मार्ग पर फायर ब्रिगेड कार्यालय से आगे बिना नंबर की बाइक से आए तीन बदमाशों ने बाइक रुकवा ली तमंचे के बट से सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। राजकुमार जयपुर हाईवे से 300 मीटर अंदर लिंक रोड पर पहुंचा, तभी घात लगाए बैठे तीन बदमाशों ने उसे घेर लिया। बदमाशों ने उस पर तमंचे से वार किया। वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया और उसके सिर से खून बहने लगा और वह घबरा गए और बदमाश लाखों रुपये से भरा थैला लूटकर फरार हो गए।

**सुबह दी गई पुलिस को जानकारी**

पीड़ित ने बताया कि बैग में ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैसे निकालने व जमा करने की पीओएस मशीन ,पैन कार्ड, एटीएम और मोटरसाइकिल की आरसी तथा तीन से चार लाख रुपये थे। पीड़ित ने रविवार सुबह 10 बजे थाना पुलिस को जानकारी दी पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरावली पर भर्ती कराया जहा उसका उपचार कराया गया।थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में है। तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है।कार्रवाई की जा रही है। तीन टीम गठित की गई है। किरावली में एसओजी टीम ने लूट की घटना के खुलासे को लेकर डेरा डाला हुआ है। हाइवे किनारे आसपास लगे 15 से अधिक कैमरों को चेक किया जा रहा है।

# बस का इंतजार कर रहे युवक से टप्पेबाजीः सामान चेक करने के बहाने बैग ले उड़े, 5 लाख रुपए के जेवर थे

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** भतीजे की शादी में शामिल होने जा रहे व्यक्ति का जेवरात से भरा बैग लेकर लेकर टप्पेबाज रफू चक्कर हो गए। काफी देर तक वापस न आने पर व्यक्ति को ठगी का एहसास हुआ। मामले में पुलिस से शिकायत के बाद मुकदमा दर्ज हुआ है। मूलरूप से कन्नौज के सौरिख, राजपुर करना निवासी सतीश चंद्र ने बताया कि वह अहमदाबाद में सिलाई की ठेकेदारी का काम करते हैं। भतीजे की शादी शामिल होने शुक्रवार को अहमदाबाद से कन्नौज जाने के लिए आगरा उतरे थे। वाटर वर्क्स पुल के नीचे खड़े होकर वह बस का इंतजार कर रहे थे। एक व्यक्ति ने उन्हें बताया कि कन्नौज के लिए बस उन्हें रामबाग से मिलेगी। ऑटो में बैठकर वह रामबाग आ गए और बस आने का इंतजार करने लगे। उसी समय दो अज्ञात व्यक्ति उनके पास आए और कहा कि यहां सामान का कार्ड बनता है और सामान मशीन से चेक होता है तुम भी अपना कार्ड बनवा लो। उन्होंने कार्ड बनवाने को तीन हजार रुपए नगद और साथ में अपना बैग मशीन में चेक करवाने के लिए दे दिया। काफी देर तक दोनों अज्ञात व्यक्तियों का वह इंतजार करते रहे पर वह वापस नही आए। खुद के साथ ठगी महसूस होने का बाद वह थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराते हुए बताया कि उनके बैग में सोने की अंगूठी, ओम का लॉकेट, गले का हार, 4 सोने की चूड़ियां, टीका, करधौनी, और एक मोबाइल जिनकी कुल कीमत तकरीबन पांच लाख रुपए से अधिक है। मामले में एत्माददौला पुलिस के मुकदमा दर्ज किया है।

# श्रद्धालुओं को आवागमन में ना हो किसी भी प्रकार की परेशानी- जिलाधिकारी।



**प्रतापगढ़।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन एवं उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है यात्रियों को बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशन तथा प्रतापगढ़ से गुजरने वाले मार्गो पर किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए मुकम्मल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। महाकुंभ के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा आज बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, भूपियामऊ चौराहा एवं अन्य प्रमुख चौराहा का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा गया एवं यातायात व्यवस्था में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसी भी श्रद्धालुओं को आवागमन में समस्या का सामना न करना पड़े तथा प्रमुख चौराहों व मार्गो पर कहीं पर भी जाम जैसी स्थिति न उत्पन्न हो इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए आवागमन को सुचारू रूप से संचालित कराएं। बस स्टेशन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एआरएम रोडवेज को निर्देशित किया कि निर्धारित रूटों पर समय से बसों का संचालन कराएं जिससे श्रद्धालु सुगम यात्रा करते हुए अपने गंतव्य स्थान तक आसानी से पहुंच सके। इसके साथ ही उन्होंने बस स्टेशन पर शौचालय साफ सुथरे तथा संचालित रखने के साथ ही पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्टेशन अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा भुपियामऊ चौराहा, भगवा चुंगी, घंटाघर चौराहा आदि का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा यातायात व्यवस्था में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर यात्रियों से उनके आवागमन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर शैलेंद्र कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर शिव नारायण वैश्य, नगर पालिका बेल्हा के अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार, एआरएम रोडवेज, स्टेशन अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थों की बिक्री के लिए ई-लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आवंटन

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी जी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग द्वारा मादक पदार्थों की बिक्री के लिए ई-लॉटरी 2025-26 के माध्यम से दुकानों के आवंटन हेतु सामान्य दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि देशी मदिरा की दुकानें, कंपोजिट दुकानें (अंग्रेजी शराब बियर), भांग की दुकानें और मॉडल शॉप्स का आवंटन ई-लॉटरीके माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। आवेदकों को पहले ई-लॉटरी पोर्टल https://e&ciseelotteryup.upsdc.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। आवेदक की आयु कम से कम 21 वर्ष तथा भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है, इसके अलावा आवेदक केवल व्यक्तिगत आवेदन कर सकता है भागीदारी अथवा कंपनियां फुटकर दुकानों के लिए पत्र नहीं होगी और प्रत्येक आवेदक प्रति दुकान केवल एक आवेदन कर सकता है परंतु एक व्यक्ति पूरे प्रदेश में अधिकतम दो दुकानों को ही प्राप्त कर सकता है। जिलाधिकारी महोदय ने अब तक कराया है कि आवेदक को आवेदन के साथ पैन कार्ड हैसियत प्रमाण पत्र अधिकृत आयकर वैल्युएबल द्वारा दिनांक 1 जनवरी 2024 के पश्चात का जारी प्रमाण पत्र आयकर रिटर्न का विवरण तथा निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र भी देना होगा। उन्होंने आगे यह भी बताया कि लॉटरी 2025-26 के माध्यम से आवंटित दुकान है 2026-27 के लिए नवीनीकरण योग्य होगी। चयनित आवेदकों को आवंटन के तीन दिन के भीतर संपूर्ण बेसिक लाइसेंस फीस अवश्य जमा करनी होगी तथा देसी मदिरा के लिए निर्धारित न्यूनतम बल्क लीटर में कोटा और कंपोजिट दुकानों (ढ्ढस्स्नरु/स्नरु) व मॉडल शॉप के लिए निर्धारित न्यूनतम राजस्व उठाना अनिवार्य होगा। आवेदक प्रतिभूति धनराशि के रूप में केवल आई बैंक गारंटी स्वीकार की जाएगी जो की आबकारी आयुक्त अथवा जिला आबकारी अधिकारी को प्लेज्ड होगी। आवेदक किसी भी स्पष्टीकरण अथवा पूछताछ के लिए ए लाती पोर्टल पर दिए गए नंबर 783852277111, 9140095228, 8318976636, 7985020998, 9453090579, 8005660401, 9454466049, 7267941256 तथा 9454466033 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मामा अपनी भांजी को भगा ले गयाः परिवार ने पुलिस से कहा हमारी बिटिया को बरामद कराइए

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना मलपुरा क्षेत्र से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक रिश्ते के मामा पर अपनी 20 वर्षीय भांजी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित परिवार ने देर रात थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। घटना आगरा जगनेर रोड की है, जहां फिरोजाबाद के रहने वाले श्याम नाम के युवक ने अपनी रिश्ते की भांजी को अपने साथ ले जाने का कुकृत्य किया। पीड़िता के पिता ने बताया कि आरोपी श्याम उनके घर पहले से ही आता जाता था और परिवार ने कभी सोचा भी नहीं था कि वह ऐसा कदम उठा सकता है। थाना प्रभारी मलपुरा पवन कुमार सैनी ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने क्षेत्र के चौराहों पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें लगाई गई हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना समाज में रिश्तों की पवित्रता पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। मामा भांजी के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाली इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है।

# शराबियों से परेशान महिला ने लगाई मुख्यमंत्री से गुहार, बेटियों को लेकर जताई चिंता




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना न्यू आगरा क्षेत्र के नगला बूढ़ी का एक शराबियों के आतंक से संभ्रांत परिवारों के उत्पीड़न का मामला प्रकाश में आया है। प्रोफेसर की पीड़ित पत्नी सपना यादव ने मुख्यमंत्री के नाम लिखे गए शिकायती पत्र में गुहार लगाते हुए कहा है कि आस-पास बिछे हुए शराबियों के जाल से उनका और उनके परिवार का जीना दुश्वार हो गया है, साम ढलते ही स्थानीय शराबी शराब पीकर घर में पत्थरवाजी और गाली गलौज आरंभ कर देते हैं। सूबे के मुख्यमंत्री के नाम लिखे गए शिकायती पत्र में पीड़ित प्रोफेसर की पत्नी ने लिखा है कि समय रहते इन पर अंकुश नहीं लगाया गया तो सभ्य समाज को यहां से पलायन को मजबूर होना पड़ेगा और इन शराबियों का आतंक क्षेत्र में सभ्य समाज के पतन का मुख्य कारण बनेगा। पीड़ित महिला के प्रति शिकोहाबाद स्थिति डिग्री कालेज के प्रधानाचार्य हैं, वे वहीं रहकर क्षात्रों का भविष्य उज्जवल बना रहे हैं। पीड़ित पत्नी सपना यहां अपनी पुत्रियों को शिक्षित बनाकर आत्मनिभर बना रहीं हैं। उन्होंने कहा है कि लम्बे समय से चली आ रही गंभीर समस्या को स्थानीय पुलिस गंभीरता से नहीं लेती, जिसका खामियाजा व्यक्तिगत रुप से हमारे परिवार को उठाना पड़ रहा है। दलित समाज के शराबियों से उनका परिवार दहशत में जीने को मजबूर हैं, छेड़-छाड़, गाली-गलौज, पत्थरवाजी इनके लिए आम बात है। स्थानीय पुलिस के नकारात्मक रवैये से असामाजिक तत्वों के होंसले बुलंद हैं। आरोपी दलित होने का भरपूर फायदा उठा रहे हैं और सभ्य समाज के पतन में महत्वपूर्ण निभा रहे हैं।

# प्राथमिक शिक्षक संघ की फतेहाबाद ब्लॉक इकाई का चुनाव आज

**आगरा।** प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ आगरा के जिला संयोजक चौधरी सुरजीत सिंह एवं सह संयोजक बृजेश शुक्ला की देखरेख में बीएसए आगरा की प्रदत्त अनुमति के क्रम में आज दिनांक 17 फरवरी 2025 को विकास खंड फतेहाबाद प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई का निर्वाचन एवं गोष्ठी दोपहर 12 बजे से सम्पन्न होगा। जिला संयोजक चौधरी सुरजीत सिंह ने शिक्षक शिक्षिकाओं को बड़ी संख्या में बीआरसी फतेहाबाद पर पहुंचने की अपील की है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारियों के रूप में नि वर्तमान जिला मंत्री हरिओम यादव, केके इंदौलिया,सुखवीर सिंह चाहर, मांगीलाल गुर्जर, विजयपाल नरवार आदि उपस्थित रहेंगे।

# 18 फरवरी को उद्योग बंधुओं की बैठक

**मैनपुरी।** रविवार को उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चन्द्र ने बताया कि जिला उद्योग बंधु समिति एवं उद्यमियों की कानून व्यवस्था सम्बन्धी बैठक डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में 18 फरवरी को अपरान्ह 04 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। उन्होने सम्बन्धित से बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

# सेना के ट्रक में लगी आगः चालक ने कूदकर बचाई जान, तेहरा चौकी के पास का मामला

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** सैंया थाना अंतर्गत तेहरा चौराहे के पास सेना के ट्रक में आग लग गई। ट्रक में आगे बैठे सेना के जवानों ने कूदकर जान बचाई। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना रविवार दोपहर करीब एक बजे की है। सेना का एक ट्रक तेहरा चौकी के पास से गुजर रहा था। तभी ट्रक के पीछे वाले हिस्से से आग की लपटें उठती दिखीं। ट्रक चला रहे सेना के जवान ने ट्रक को सड़क किनारे रोक दिया और नीचे उतर आए। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया। आसपास के लोग भी उनकी मदद को आ गए। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग में ट्रक पूरी तरह जल गया है। गनीमत रही कि गंभीर हादसा नहीं हुआ।

## संपादकीय

# मस्क और ट्रंप को बड़ा झटका

अमेरिकी अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नीति विभाग की संवेदनशील जानकारी हासिल करने पर रोक लगा दी है। संघीय न्यायाधीश ने पूंजीपति एलन मस्क नीति सरकारी दक्षता विभाग को वित्त विभाग के रिकार्ड हासिल करने पर रोक लगाई जिसमें लाखों अमेरिकियों की सामाजिक सुरक्षा व बैंक खाता संबंधी संवेदनशील जानकारी व डेटा शामिल हैं। यह आदेश उन्नीस डेमोक्रेटिक अटॉरनी जनरलों द्वारा ट्रंप पर दायर किये गये मुकदमे के बाद जारी किया। एक अन्य संघीय अदालत ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी के हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने के आदेश पर अस्थाई रोक लगा दी। अदालत का कहना है कि ट्रंप प्रशासन ने संघीय कानून का उल्लंघन करते हुए मस्क की टीम को वित्त विभाग की केंद्रीय भुगतान प्रणाली तक पहुंचने की अनुमति दी जिसके तहत रिफंड, सामाजिक सुरक्षा लाभ, पूर्व सैनिकों को लाभ समेत तमाम जिम्मेदारियां आती हैं। यह प्रति वर्ष लाखों-करोड़ों डॉलर का लेन-देन करती है। ट्रंप के सत्ता संभालते ही उनके प्रशासन ने सरकारी फिजूलखर्ची का पता लगाने और उसे खत्म करने के लिए मस्क के नेतृत्व में सरकारी दक्षता विभाग यानी डीओजीआई का गठन किया था। हजारों विदेशी कर्मचारियों को तीस दिन के भीतर परिवार समेत लौटने के आदेश को रोकते हुए अदालत ने इसे जल्दबाजी में किया गया फैसला बताया। अदालत का यह रुख दिग्गज कारोबारी मस्क और ट्रंप, दोनों को बड़ा झटका माना जा रहा है। राष्ट्रपति चुनाव से पूर्व ही मस्क ने ट्रंप के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। राष्ट्रपति बनते ही रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप के इमीग्रेशन, टैरिफ, जलवायु समझौते और विश्व स्वास्थ्य संगठन से पांव खींचने जैसे चौंकाने वाले फैसलों पर दुनिया हतप्रभ थी। उनके तेवरों से विपक्ष ही नहीं, विश्व समुदाय भी आशंकित है। उन्होंने कहा है कि हम युद्ध में नहीं पड़ेंगे, शांति लायेंगे जबकि यूक्रेन का जिक्र भी नहीं किया, न ही गाजा के विषय में कुछ स्पष्ट किया। अमेरिका महंगाई के साथ कानून-व्यवस्था से जूझ रहा है। अमेरिकी व्यवस्था में अदालतों के अधिकारों को चुनौती देना आसान नहीं है। मगर ट्रंप दूसरे कार्यकाल में पूर्वाग्रहों से भरे एजेंडों को लेकर काफी आक्रामक हैं। न सिर्फ बजिद नजर आ रहे हैं, बल्कि अपने मंसूबों को लेकर अड़े भी हुए हैं।

# फिल्म संगीत से गायब होती मधुरता

(अंजनी सक्सेना - विभूति फीचर्स)

भारतीय फिल्में सारी दुनिया में उत्साह और उमंग के साथ देखी जाती हैं। एक दौर ऐसा भी था जब फिल्मों से ज्यादा उनका संगीत पसंद किया जाता था। भारतीय फिल्मों की पहचान ही उनका कर्णप्रिय और सुमधुर संगीत हुआ करता था लेकिन समय के साथ अब यह पहचान धूमिल होती जा रही है। फिल्मी संगीत अब अपनी मधुरता खोता जा रहा है। कहा जाता है कि जीवन का प्रत्येक क्षण संगीत से जुड़ा होता है। हमारी सांसे भी संगीत की ताल और लय के अनुसार चलती हैं। मधुर संगीत मनुष्य को तनावमुक्त करता है। शास्त्रीय संगीत के हर राग का अपना विशेष महत्व है। अब तो यहां तक कहा जाने लगा है कि मनुष्य के रोगोपचार में भी शास्त्रीय संगीत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे समय में जब विज्ञान एवं चिकित्सा जगत शास्त्रीय संगीत की महत्ता को स्वीकार कर रहे हैं, तब फिल्मों से गायब होता शास्त्रीय संगीत सबको चौंका देता है।

आधुनिक समय में क्षणिक आनंद के लिए फिल्मों में हुल्लड़बाजी और शोर-शराबे से भरे गीत डाल दिए जाते हैं जो कुछ ही समय बाद गुमनामी की गर्त में समा जाते हैं। इसके विपरीत शास्त्रीय संगीत पर आधारित गीत लोग वर्षों बाद भी याद रखते हैं। वैसे गीत-संगीत भारतीय फिल्मों की आत्मा है और यहां वही गीत अमर हो पाते हैं जो शास्त्रीय संगीत पर आधारित होते हैं। भारत की पहली बोलती फिल्म %आलम आरा% में कुल ग्यारह गीत थे, जो इस बात के प्रमाण हैं फिल्मों में आरंभ से ही गीत-संगीत को आवश्यक तत्व माना जाता रहा है। इस फिल्म के सभी गीत शास्त्रीय रागों पर आधारित थे। आरंभिक दौर की फिल्मों में अधिकांश गीत शास्त्रीय रागों पर ही आधारित हुआ करते थे। उसी समय बनी एक फिल्म इन्द्रसभा में तो 71 गाने थे।

राग आधारित गीत चाहे वे सुख के हों या दुःख के, मिलन के गीत हों या विरह के या फिर नृत्य गीत ही क्यों न हों सभी को सुनने का एक अलौकिक आनंद होता था। इस तरह के सैकड़ों गीत वर्षों बीत जाने के बाद आज भी लोगों की जुबान पर हैं।

सुप्रसिद्ध फिल्म %बैजूबावरा% का गीत- मोहे भूल गये सांवरिया, तू गंगा की मौज में जमना का धारा, %संत ज्ञानेश्वर% फिल्म का गीत %जोत से जोत जलाते चलो%या फिर मनोज कुमार की सुपरहिट फिल्म %%उपकार÷ का गीत %मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे-मोती% क्या कोई कभी भी भुला सकता है? ये सभी गीत राग भैरवी पर आधारित हैं।

झूमती चली हवा (फिल्म-तानसेन, राग सोहनी)




मधुबन में राधिका नाचेगी (फिल्म- कोहिनूर, राह हमीर) नैनों में बदरा छाए (मेरा साया, राग हमीर) के अलावा राग हमीर के ही गीत ऐ री मैं तो प्रेम दीवानी, मेघा छाए आधी रात गीत आज भी अविस्मरणीय हैं। राग मियां मल्हार के गीत बोले रे पपीहरा (गुड्डी), राग वागेश्वरी के राधा न बोले (आजाद) बसंत बहार के जा जा रे बालमा, राग कल्याण का मन रे तू काहे न धीरे धरे (चित्रलेखा), यमन कल्याण के मितवा (परिचय), तुम गगन के चंद्रमा में धरा की धूल हूं (सावित्री), लगता नहीं है मेरा दिल (लाल पत्थर), अहिर भैरव का पूछो न कैसे मैंने रैन बिताई, राग तिलंग का पिया तोसे नैना लागे (गाइड), राग जयजयवंती का मनमोहना बड़े झूठे, राग देशकार का ज्योति कलश छलके, राग केदार का दरशन दो घनश्याम, पल दो पल का साथ हमारा (द बर्निंग ट्रेन), राग तोड़ी का रैना बीती जाए (अमर प्रेम), राग शिवरंजनी का जरा सामने तो आओ छलिये जैसे गीत आज वर्षों बीत जाने के बाद भी लोकप्रिय बने हुए हैं।

आज के इस दौर में जहां केवल तेज संगीत को ही सफलता का सूत्र माना जाता है, वहां आजकल के संगीतकार भूल जाते हैं कि तेज संगीत में भी यदि कलात्मकता हो तो उसे सर्वकालीन और सर्वप्रिय बनने से कोई नहीं रोक सकता।

फूहड़ और शोर-शराबे से भरपूर गीतों को क्षणिक लोकप्रियता भले ही मिल जाए लेकिन सदाबहार गीत वही हुआ करते हैं जो सरल, मधुर और कर्णप्रिय होते हैं।

# शिक्षा का असली उद्देश्य ज्ञानार्जन

रजनीश कपूर

आवश्यक है कि विद्यालयों में गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ परीक्षाओं में सफलता का मूल्यांकन केवल अंकों के आधार पर न किया जाए, बल्कि छात्रों की संपूर्ण योग्यता और कौशल को ध्यान में रखा जाए। जब शिक्षा का असली उद्देश्य ज्ञानार्जन बनेगा, तभी समाज का वास्तविक विकास संभव होगा। देश में वार्षिक परीक्षाएँ छात्रों के भविष्य को निर्धारित करने का प्रमुख माध्यम हैं। लेकिन हाल के वर्षों में, शिक्षा का मूल उद्देश्य ज्ञान अर्जन से हटकर केवल उच्च अंक प्राप्त करने तक ही सीमित होता जा रहा है। खासकर देहाती क्षेत्रों के विद्यार्थी अब नियमित कक्षाओं में पढने् की बजाय कोचिंग सेंटरों पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं, क्योंकि वहाँ कम समय में अधिक अंक प्राप्त करने के आसान तरीके बताए जाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के समग्र विकास के लिए भी एक चुनौती बनती जा रही है। देश के गाँवों के छात्रों में एक नई होड़ देखी जा रही है। देहाती छात्र काफ़ी मात्रा में विद्यालय से विमुख हो रहे हैं। इसके पीछे शिक्षा प्रणाली की कई खामियाँ ज़िम्मेदार मानी जा सकती हैं। इनमें अहम हैं ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की कमी, कमजोर आधारभूत संरचना और अपर्याप्त शिक्षण सामग्री के कारण विद्यार्थी नियमित कक्षाओं में रुचि नहीं लेते। इसके अलावा कोचिंग संस्कृति का प्रभाव इतना बढ़ गया है कि छात्रों को लगता है कि विद्यालय में पढने् की तुलना में कोचिंग सेंटरों में परीक्षा के लिए विशेष तरीके सिखाए जाते हैं। जिससे वे कम समय में अधिक अंक प्राप्त कर सकते हैं। यह धारणा दिन ब दिन बढ़ती जा रही है।


इतना ही नहीं गाँव के भोले भाले युवकों को लुभाने की मंशा से कई कोचिंग सेंटर यह दावा भी करते हैं कि वे छात्रों को परीक्षा में अधिक अंक दिलाने में मदद करेंगे। जिससे अभिभावक भी अपने बच्चों को विद्यालय भेजने की बजाय कोचिंग में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित होते हैं। ऐसे में यदि शिक्षक भी उदासीन रवैया अपनाना शूर कर दें तो वह आग में घी का काम करता है। ऐसा भी देखने में आया है कि ग्रामीण इलाक़ों के कई सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी या उनकी लापरवाही के कारण कक्षाओं का स्तर गिरता जा रहा है। ऐसे में छात्र कोचिंग का विकल्प चुनने को मजबूर हो जाते हैं। आज से कई वर्ष पूर्व 'थ्री इडिअट्स' फ़िल्म में भी यह दिखाया गया था कि अधिक अंकों की होड़ का छात्रों पर काफ़ी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जबकि होना यह चाहिए कि अगर हर नौजवान को अपने दिल की आवाज सुनकर अपनी जिंदगी की राह तय करनी चाहिए। यदि वो अइस करता है तो वह खुश भी होता है और सही मायने में सफल भी। केवल ज्यादा पैसे कमाने के लिए बिना समझे रट्टा मारने वाले कोल्हू के बैल ही होते हैं। जिनकी जिंदगी में रस नहीं आ पाता। यही कारण है कि आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थानों से पढ़कर सैकड़ों नौजवान आज देश में ऐसे काम कर रहे हैं जिसका उनकी डिग्री से कोई लेना देना नहीं है। मसलन झुग्गियों में बच्चों को पढ़ाना, आध्यात्मिक आन्दोलनों में भगवत्गीता का प्रचारक बनना या गांव के नौजवानों के लिए छाटे-छोटे कुटीर उद्योग स्थापित करने में मदद करना।

## शब्द सामर्थ्य - 329

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 328 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | वं | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सू- दोकू क्र.329

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.328 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## राशिफल

**मेष** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे। दांपत्य जीवन में सुखों की बढ़ोतरी होगी। आज आपके सेहत में सुधार आएगा।

**वृषभ** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन** आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, इससे नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, अन्यथा आपका विरोध हो सकता है। रिश्तेदारों के घर आने से दिनभर का शेड्यूल बदल सकता है, घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा।

**सिंह** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगे। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज घर के कामों को करने के बाद फोन पर बातचीत करके अपना कुछ समय व्यतीत करेंगी। आज माता-पिता का सानिध्य व सहयोग मिलने से विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे।

**तुला** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज आपको अपनी सेहत पर ध्यान देने की जरूरत है। आप अपने होशियारी और प्रभाव का उपयोग घरेलू मुद्दों को हल करने के लिए करेंगे।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखदर हेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे। मित्रों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। दांपत्य जीवन में खुशियां बनी रहेंगी, जीवनसाथी आपके भावनाओं की कद्र करेंगे।

**धनु** आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। किसी पार्क में परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की संभावना है। पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से संपर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों को गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है। आप आज भक्तिमय रहेंगे, गौ सेवा करने का मन बनाएंगे। आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा, आज आपके सारे काम सफल रहेंगे।

**मकर** आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा। ऑटो मोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। नया बिजनेस स्टार्ट करेंगे। आपके सगे संबंधियों से मेल-जोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरु करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का फॉर्म भरने का मन बनाएंगे।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा हो जाएगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। साथ ही अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने की कोशिश करेंगे, आपको सफलता मिलेगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। संतान के करियर को लेकर आप थोड़े चिंतित रहेंगे, आप अपने संतान के करियर के लिए उसके गुरु से बातचीत कर सकते हैं।

**मीन** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को खुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको जरूरी बातें पता चल सकती हैं। कुछ नए लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे बातचीत करना चाहेंगे। इस राशि के जो लोग कवि है आज उनकी किसी कविता की तारीफ हो सकती है, जिससे मन खुशनुमा रहेगा। साथ ही आज आपका खर्चा बढ़ेगा।

# केजरीवाल और आप का राजनीति का नशा उतरा

अनिल चतुर्वेदी

कहते हैं वक्त ख़राब हो तो ऊँट पर बैठे आदमी को भी कुत्ता काट लेता है। दिल्ली विधानसभा के इन चुनावों में लगता है अरविंद केजरीवाल केजरीवाल और उनकी पार्टी आप के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ दिखा।

दिल्ली में लोगों और ख़ासकर महिलाओं को केजरीवाल ने जो सुविधाऐं मुहैया कराई उनसे ज़्यादा उन्होंने भविष्य में मिलने का वादा की गई सुविधाओं पर भरोसा कर भाजपा को उम्मीद से ज़्यादा वोट दिए।

या यूँ कहिए कि मोदी है तो मुमकिन हुआ पर साथ ही यह भी नहीं भूलना चाहिए कि आप पार्टी के पिछ्ले तीन चुनावों से मोदी प्रधानमंत्री हैं पर तब क्यूं नहीं मोदी मुमकिन कहना सार्थक हो सका ।

तभी इन चुनावों में केजरीवाल की हार के बाद यह कहावत भी सटीक है कि वक्त तो ऊँट पर बैठा नेता केजरीवाल चुनाव हार गए।

दिल्ली में महिलाओं को मिल रहीं सुविधाएँ गर्भ में चलीं गई भविष्य में मिलने वाली सुविधाओं पर भरोसा हुआ और ऐसा कि एक दशक से सत्ता में बैठे केजरीवाल और उनकी पार्टी का राजनीति का नशा उतर गया।

महिलाओं ने पुरुषों से कहीं अधिक वोट भाजपा डाल जता दिया कि केजरीवाल को देखलिया अब भाजपा को देखेंगे। महिलाओं ने जहां 61.92 फ़ीसद वोट डाले वहीं पुरूषों ने 60.21 ही वोट डाले। यही नहीं वोटिग में भी महिलाएँ आगे रहीं।


तभी कहा जा रहा है कि भाजपा की इस जीत में महिला फ़ैक्टर ज़्यादा रहा। अब भले 2020 के चुनाव में आप पार्टी ने महिलाओं को बसों में मुफ़्त यात्रा सुविधा दी और यह आप की जीत का आधार बना था।

और इस बार भी महिलाओं की लिए सुविधाओं का पिटारा खुलना था जिसमें फ़्री बस के अलावा महिला सम्मान योजना में 2100 रूपये हर महीने देने का वादा था।

यही नहीं कांग्रेस की तरफ़ से भी 2500 रूपये हर महीने देने का वादा था और साथ ही गरीब महिलाओं को 500 में सिलेंडर के अलावा त्योहार पर पर फ़्री गैस सिलेंडर के अलावा 2100 रूपये भी देने का वादा था।

लेकिन भाजपा की ओर से बुजुर्गों को पेंशन,2000 रूपये हर महीने से बढ़ाकर 2500 के अलावा पेंशन राशि बढ़ाने के साथ ही झुग्गी बस्ती में अटल कैंटीन और फिर मोदी की गारंटी पर पर ज्या भरोसा कर भाजपा के लिए वोट दिए। और भाजपा ने 70 में 48 सीटें जीतीं।

भला हो दिल्ली के लोगों और ख़ासकर महिलाओं का कि भाजपा उनसे किए गए वादें को पूरा करें और अगले चुनावों के लिए अपनी ज़मीन पक्की पर अगर इन वादों और केजरीवाल की योजनाओं को जारी रखने का वादा पूरा करने की बजाए इन्हें पिछ्ले चुनावी वादों की तरह चुनावी जुमला करार दे दिया गया तो क्या तो होगा वादों का और कैसे कहेंगे लोग कि मोदी है तो मुमकिन है । विधानसभा चुनावों में 70 सीटों में से 48 सीटें जीतने वाली भाजपा के सामने अब दिल्ली का मुख्यमंत्री चुनने की चुनौती है। यूँ सीएम बनने की चाहत में दिल्ली भाजपा के पुराने और धुरंधर नेता चुनाव जीतने के बाद से गणेश पर्क्रिमा लगे हैं। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के फ़्रांस और अमेरिका के दौरे के बाद यानी 15 फ़रवरी तक सीएम के नाम का एलान हो सकेगा। और जीते हुए विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह भी इसी दौरान होगा। कहा जा रहा है कि सीएम बनाते समय बिहार और फिर यूपी में होने वाले चुनावों में पार्टी की चुनौतियों को भी ध्यान रखा जाना है। इस हिसाब से सांसद मनोज तिवारी भी इस क़तार में माने जा रहे हैं। जबकि दावा अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली से हराने वाले प्रवेश वर्मा के समर्थक भी दबाव बनाए हुए हैं। यह अलग बात है कि सीएम की लाईन में जनकपुरी से जीते वरिष्ठ नेता आशीष सूद ,मालवीय नगर से जीते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय,रोहिणी से जीते और विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंदर गुप्ता,और संघ की पृष्ठभूमि से निकले पवन शर्मा भी शामिल हैं। पर दारोमदार आकाओं के हवाले है।




दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों को मनोज तिवारी को सीएम बनाए की उम्मीद है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के सातों में से अकेले मनोज तिवारी को ही टिकट दिया गया था और जीते भी। शालीन और मृदुभाषी तिवारी विवादों में भी कम ही रहे है। चर्चा तो है कि राजस्थान,एमपी और दूसरे राज्यों की तरह सीएम के किए गए सिलेक्शन की तरह दिल्ली में कोई चौंकाने वाला नाम इस पद के लिए लाया जा सकता है। भला किसकी परिक्रमा सफल रहती है और सीएम कौन बनाया जाता है सीएम पर सीट पर बैठने के साथ ही चुनौतियाँ भी शुरू हो जानी हैं ख़ास यह भी कि विपक्ष केजरीवाल सरीखे खूंसट और उनके साथियों का रहना है। विधानसभा की हॉट सीटों में से एक कालकाजी सीट से जीतीं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को अपनी जीत के लिये वोटरों के अलावा प्रतिद्वंद्वी भाजपा के रमेश विधूडी और कांग्रेस की अलका लांबा का भी शुक्रगुज़ार करना चाहिए। इनमें से भी रमेश बिधूडी का ख़ासतौर से। भाजपा के सांसद रहे बिधूडी अपने व्यवहार और बेबाक़ी के लिए पहचाने जाते रहे हैं भले संसद हो या फिर विधानसभा चुनाव सीट। जिस तरह उन्होंने पिछ्ले दिनों संसद में अपने ही एक साथी को गरिआया उसी तरह उन्होंने इन चुनावों में दिल्ली की मुख्यमंत्री और इस चुनाव में कालकाजी से आप पार्टी की दावेदार और उनकी प्रतिद्वंद्वी आतिशी को भी उन्होंने खूब गरिआया । संसद में उनकी बेबाक़ी को तो पार्टी ने अनदेखा कर दिया था पर शायद दक्षिण दिल्ली की इस सीट के वोटरों को उनका मिज़ाज भाया नहीं। और जबाव उन्हें अपने वोट से दिया। सच पूछे तो इस हार के बाद वे दिल्ली का सीएम बनने की इच्छा से चूक गए। वरना तो बिधूडी का चेहरा सीएम के बाक़ी चेहरों से कोई कम नहीं था। कमोवेश ऐसा ही कांग्रेस की अलका लांबा के साथ कांग्रेसी नेताओं के व्यवहार से भी आतिशी को राहत मिली।

यह अलग बात है कि अलका को उनके विधानसभा क्षेत्र से बाहर लड़ाया गया ,वे हारीं और इसका लाभ आतिशी को सौ फ़ीसद मिला। पर कोई कहे कि अलका हारीं तो अलका जीत सकतीं थी बशर्ते कांग्रेसी साथ देते। पर कौन जानता था कि अलको को हराने और एक कांग्रेसी नेता की यह इच्छा पूरे करने के लिए कि अलका को 5000 से ज़्यादा वोट नहीं मिल सकें ने अलका की जीत की कोशिश पर विराम लगा दिया। यह अलग बात रही कि टिकट मिलने के साथ ही अलका को चिंता थी कि कांग्रेसी साथ नहीं देंगे ।इसी के चलते दिल्ली के एक जानेमाने वकील और कांग्रेस नेता ने इस विधानसभा में आकर बैठक की और नाराजगी छोड़ उम्मीदवार को जिताने की कोशिश का आग्रह भी किया।

# उप मुख्यमंत्री ने बेला सिलपरा बाईपास सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

## बाईपास का निर्माण पूरा होने से रीवा में वाहनों का दबाव घटेगा : उप मुख्यमंत्री



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माणाधीन बेला सिलपरा बाईपास मार्ग का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने बाईपास मार्ग में बनाये जा रहे पुलों के निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेला से सिलपरा बाईपास का निर्माण पूरा होने से रीवा शहर में रिंग रोड के दोनों भाग पूरे हो जायेंगे।

जबलपुर तथा सतना की ओर से आने वाले एवं सीधी और सिंगरौली जाने वाले वाहनों को बेला से सीधा मार्ग मिल जायेगा। बाईपास का निर्माण पूरा होने से रीवा में वाहनों का दबाव घटेगा। यह बाईपास रीवा के साथ-साथ सीधी और सिंगरौली जिले के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसके निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। निर्माण कार्य में किसी भी तरह की बाधा आने पर तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करायें। बरसात से पहले बाईपास सड़क का निर्माण हरहाल में पूरा करायें। यह सड़क विन्ध्य में औद्योगिक विकास को गति देने में भी सहायक होगी। निरीक्षण के समय प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवड़े, तकनीकी अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मेहनत एवं ईमानदारी से किये गये कार्य का सकारात्मक परिणाम मिलता है: उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल

### स्व. भैयालाल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता व उप विजेता टीम को उप मुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मेहनत एवं ईमानदारी से किये गये कार्य का सकारात्मक परिणाम मिलता है। हमारे पूज्य पिता जी की स्मृति में आयोजित किये जा रहे टूर्नामेंट के आयोजक बधाई के पात्र हैं। पूर्वजों की स्मृति आने वाली पीढ़ी का मार्ग प्रशस्त करती है। उप मुख्यमंत्री ने अपने गृह ग्राम ढ़ेरा में स्व. भैयालाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता व उप विजेता टीम को नगद पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की। ढ़ेरा के स्टेडियम में आयोजित दसवें स्व. भैयालाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पूर्वजों का स्मरण मेहनत व ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा देता है। मेरे पूज्य पिता जी के कारण ही इस गांव का नाम प्रदेश में था तथा मेरी पहचान भी उन्हीं के कारण थी। उनके बताये रास्ते पर चलने का प्रयास हम करते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पिता जी की कार्यशैली की सुगंध हर जगह फैली थी आज भी उनके पुण्य प्रताप का ही फल मिल रहा है। उन्होंने आयोजनों को टूर्नामेंट के सफल आयोजन की बधाई दी तथा कहा कि हर संभव सहयोग रहेगा। श्री शुक्ल ने रोमांचक मैच की खुले दिल से प्रशंसा भी की। उप मुख्यमंत्री ने विजेता आर.एन. क्लब तमरी टीम को चालीस हजार रूपये पुरस्कार राशि व विजेता ट्राफी प्रदान की जबकि उप विजेता डीसीए क्लब ढ़ेरा को तीस हजार रूपये व उप विजेता ट्राफी प्रदान की गई। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, पद्मेश गौतम, केसरी प्रसाद त्रिपाठी, नवल शुक्ला, वनमण्डलाधिकारी रीवा श्री लोकेश सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी जन उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने गृह ग्राम में कुलदेवी और शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना

### उप मुख्यमंत्री ने आमजनता की सुनी समस्यायें



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल गृह ग्राम ढ़ेरा जिला मऊगंज पहुंचे। उप मुख्यमंत्री ने सबसे पहले परिवारिक मंदिर में जाकर अपनी कुलदेवी के दर्शन किये। उप मुख्यमंत्री ने कुलदेवी की विधिवत पूजा अर्चना तथा आरती की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ढ़ेरा के प्रसिद्ध विश्वेश्वरनाथ शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान महादेव की पूजा अर्चना की तथा विन्ध्य क्षेत्र एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने गृह ग्राम के आमजनों से भेंट कर उनके समस्याऐं सुनी । उप मुख्यमंत्री ने खाद्यान्न वितरण, उपचार सहायता, आयुष्मान कार्ड, मजदूरी भुगतान सहित आमजनता के आवेदनों में सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी आमजनों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए संवेदनशीलता से कार्यवाही करें। इस अवसर पर पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सहित स्थानीय जन व अधिकारी उपस्थित रहे।

### परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 28 फरवरी तक

**रीवा,कासं.।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन 28 फरवरी तक आमंत्रित किये गये है। प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष तथा परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तय की गयी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने पर प्रशिणार्थी को 500 रूपये सुरक्षानिधि जमा करके अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जायेगा।

# कमिश्नर और आईजी ने सतना रेलवे स्टेशन में देखी महाकुंभ के लिए की गयी व्यवस्थाएँ

### रीवा रेलवे स्टेशन भी पहुंचे कमिश्न और आईजी



**रीवा,कासं.।** प्रयागराज महाकुंभ मेले में तीर्थयात्रियों की भीड़ लगातार जारी है। सड़क मार्ग के साथ-साथ रेल मार्ग से भी हजारों तीर्थयात्री कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। संभाग के प्रमुख रेलवे स्टेशन सतना में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ है। नियमित ट्रेनों के साथ साथ मेला स्पेशल ट्रेनों से तीर्थयात्रियों को प्रयागराज भेजने की व्यवस्था की गयी है। यात्रियों के ठहरने के लिए रेलवे द्वारा पंडाल बनाये गये हैं। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद तथा आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने सतना रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करके यात्रियों की सुरक्षा और सुरक्षित आवागमन के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर और आईजी ने तीर्थयात्रियों से भेंट करके उनसे रेलवे स्टेशन में की गयी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। तीर्थयात्रियों ने रेलवे स्टेशन में की गयी व्यवस्थाओं की सराहना की। कमिश्नर तथा आईजी ने प्लेटफार्म जाकर भी यात्रियों से भेंट की तथा सुगम यात्रा एवं कुंभ स्नान के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार ने तीर्थयात्रियों के लिए की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवेश सिंह बघेल, एसडीएम राहुल सिलाड़िया, सीएसपी महेन्द्र सिंह तथा अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में तीर्थयात्री उपस्थित रहे। कमिश्नर श्री बीएस जामोद एवं आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचकर की गयी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

# लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में 3263 परीक्षार्थी हुए शामिल

### रीवा में 12 केन्द्रों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा

**रीवा,कासं.।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा रीवा जिले में 12 परीक्षा केन्द्रों में प्रारंभिक परीक्षा 2025 दो पालियों में आयोजित की गयी। परीक्षा में कुल 3881 परीक्षार्थियों ने शामिल होने के लिए आवेदन किया था।

परीक्षा के प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे में 3298 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 583 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की दूसरी पाली में दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित परीक्षा में 3263 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 618 अनुपस्थित रहे। इस संबंध में परीक्षा प्रभारी संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों में प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा संपन्न होने के बाद आंशरशीट नियमानुसार सील बंद करके लोक सेवा आयोग को भेजी जा रही है।



## समाचार

### मार्केट आउटलुक : पीएमआई, व्यापार घाटा सहित वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा शेयर बाजार का रुझान

**नई दिल्ली ,ए.।** भारतीय शेयर बाजार के लिए आने वाला हफ्ता काफी महत्वपूर्ण होगा। इस दौरान परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई), व्यापार घाटा, आरबीआई की आखिरी मौद्रिक नीति के मिनट्स और कई आर्थिक आंकड़े आएंगे, जिसका असर बाजार पर देखने को मिल सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी के कारण निवेशक लगातार सतर्क बने हुए हैं। भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लगातार आंठवें दिन गिरावट देखने को मिली। बीते दो वर्ष में यह पहला मौका था, जब बाजार में इतनी बड़ी गिरावट हुई। निफ्टी 50 इंडेक्स 102.15 अंक या 0.44 प्रतिशत गिरकर 22,929.25 और सेंसेक्स 199.76 अंक या 0.26 प्रतिशत गिरकर 75,939.21 पर बंद हुआ। 10 फरवरी से लेकर 14 फरवरी तक के कारोबारी सत्र में निफ्टी में 2.8 प्रतिशत की गिरावट हुई है और गिरावट के लिहाज से यह इस साल का सबसे खराब हफ्ता था। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ने इस गिरावट का नेतृत्व किया और यह हफ्ते में 9 प्रतिशत से अधिक फिसल गया। वहीं, निफ्टी ऑयल एंड गैस इंडेक्स में 6 प्रतिशत की गिरावट हुई। इसके अलावा निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स में कोरोना के बाद अब तक की सबसे बड़ी गिरावट हुई है।वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स हफ्ते के दौरान 9.5 प्रतिशत फिसल गया, जो कि कोविड-19 के बाद अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। इस दौरान बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स 2.59 प्रतिशत और 3.24 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। घरेलू के अलावा वैश्विक आंकड़ों से भी बाजार की चाल प्रभावति होती। अगले हफ्ते अमेरिक फेड मिनट्स, यूएस जॉबलेस क्लेम डेटा, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस पीएमआई पर निवेशकों की नजरें होंगी। असित सी. मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लिमिटेड के तकनीकी और डेरिवेटिव्स रिचर्स के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट, ऋषिकेश येदवे के अनुसार, बेंचमार्क निफ्टी 50 ने दैनिक और साप्ताहिक दोनों चार्टों पर लाल कैंडल बनाई है, जो कि कमजोरी की ओर इशारा करता है। येदवे ने आगे कहा, 21-दिन का मूविंग एवरेज 23,260 के करीब है। इसके कारण निफ्टी के लिए 23,260 से लेकर 23,300 एक रुकावट का जोन होगा। अगर यह 23,300 निकालता है तो तेजी देखने को मिल सकती है। बीते हफ्ते विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की गई है, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 18,745 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के डायरेक्टर, पुनित सिंघानिया ने कहा कि बैंक निफ्टी इस हफ्ते 2.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ है। इसके लिए 49,650 एक बड़ा रुकावट का स्तर है। अगर यह टूटता है तो 50,200 के स्तर भी देखने को मिल सकते हैं। गिरावट की स्थिति में 48,700 एक अहम सपोर्ट है। अगर यह स्तर टूटता है तो बैंक निफ्टी 48,000 छू सकता है।

### भारत के ई-वेस्ट में छिपा है 'खजाना', 5,20,96,71,93,000 रुपए की हो सकती है कमाई

**बेंगलुरु ,ए.।** भारत का ई-वेस्ट एक बड़ा आर्थिक अवसर उपलब्ध करा रहा है। मेटल एक्सट्रैक्शन के जरिए रिकवर किए जाने वाले मटीरियल में 6 बिलियन डॉलर (5,20,96,71,93,000 रुपए) की अनुमानित आर्थिक क्षमता का दावा एक रिपोर्ट कर रही है। शुक्रवार को एक रिपोर्ट के हवाले से ये जानकारी दी गई। भारत अब चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश का ई-वेस्ट वित्त वर्ष 2014 में 2 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024 में 3.8 एमएमटी हो गया है, जो शहरीकरण और बढ़ती आय के कारण हुआ है। मुख्य रूप से घरों और व्यवसायों द्वारा उत्पन्न कंज्यूमर सेगमेंट ने वित्त वर्ष 2024 में कुल ई-वेस्ट का लगभग 70 प्रतिशत योगदान दिया।

# त्रिकोणीय सीरीज जीतना न्यूजीलैंड के लिए चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अच्छी बात होगी: साउदी




**नई दिल्ली,ए.।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को लगता है कि मेजबान पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में ट्राई-नेशन सीरीज में ब्लैककैप्स की जीत चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के लिए बड़ी बढ़त होगी।

न्यूजीलैंड ने सीरीज में अजेय रहते हुए फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया।

साउथी ने आईसीसी के साथ एक विशेष बातचीत में कहा, टीम ने जिस तरह से खेला है, उसमें अलग-अलग खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।यह कुछ अनुभवी खिलाड़ियों और कुछ रोमांचक युवा खिलाड़ियों का एक अच्छा मिश्रण है, जिनमें बहुत संभावनाएं हैं। इस त्रिकोणीय श्रृंखला का अनुभव उन्हें टूर्नामेंट के लिए बेहतर साबित होने जा रहा है।

इसलिए, टूर्नामेंट में कुछ गति लेना और उन परिस्थितियों के अभ्यस्त होना, यह केवल एक अच्छी बात होगी।

जैसा कि न्यूजीलैंड 2000 के बाद से अपना पहला चैंपियंस ट्रॉफी खिताब हासिल करने की कोशिश कर रहा है, साउदी ने स्वीकार किया कि टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण में खुद और ट्रेंट बोल्ट दोनों की अनुपस्थिति के कारण अनुभव की कमी है।

हालांकि, तेज गेंदबाज ने विल ओरुरके और नाथन स्मिथ पर भरोसा जताया और इस महत्वपूर्ण चरण में जिम्मेदारी लेने के लिए उनका समर्थन किया।

ट्रेंट और मेरा आईसीसी इवेंट में न होना कुछ अलग है, लेकिन साथ ही, यह रोमांचक भी है। इन इवेंट का हिस्सा बनना शानदार है और अब यह इन खिलाड़ियों के सामने है, मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि वे कैसा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा, विल ओरुरके, टेस्ट मैच में हमने देखा है कि वह क्या कर सकते हैं वह अभी भी बहुत युवा है, लेकिन उसके पास वे सभी गुण हैं जो उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुत सफलता दिलाएंगे। मैं उसे उसके पहले आईसीसी इवेंट में देखने के लिए उत्सुक हूं। नाथन स्मिथ को अपने बारे में बहुत आत्मविश्वास है, और वह खुद पर विश्वास करता है, जो मुझे लगता है कि इस स्तर पर आपको चाहिए।

साउदी ने इसके अलावा केन विलियमसन और कप्तान मिशेल सेंटनर को कीवी अभियान का मशालवाहक बनने का समर्थन किया।

उन्होंने कहा, केन अच्छी फॉर्म में है, उसे कुछ स्कोर बनाते हुए देखना अच्छा लगा, वह क्लास है। उसने पिछले कुछ सालों से बहुत ज़्यादा वनडे क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन उसे वापस आते हुए और दो महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देखना वही है जो हम देखने के आदी हैं। लेकिन अब ब्लैक कैप्स के प्रशंसक के रूप में यह मेरे लिए भी सुखद है,

जब वह मैदान पर होता है, तो यह अनुभव के साथ आता है और जिस तरह से वह खेलता है, वह पूरे समय नियंत्रण में दिखता है। मिच ने कप्तान के रूप में शानदार काम किया है। यह उनके लिए अभी भी काफी नया है, लेकिन मैंने अपने करियर के अंत में उनकी कप्तानी का थोड़ा अनुभव किया है। वह बहुत शांत हैं, आप उनके क्रिकेट खेलने के तरीके से यह देख सकते हैं। पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, वह खेल के बारे में अच्छी तरह से सोचते हैं और मुझे लगता है कि वह तीनों क्षेत्रों में अपने प्रदर्शन से नेतृत्व करना चाहते हैं। वह सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षकों में से एक हैं, एक अविश्वसनीय रूप से कुशल गेंदबाज हैं और एक उपयोगी बल्लेबाज हैं, इसलिए मुझे यकीन है कि वह इन तीनों क्षेत्रों में नेतृत्व करना चाहेंगे।

अनुभवी खिलाड़ी ने अपने पूर्व साथियों पर भरोसा जताया और उन्हें 2000 की सफलता को दोहराने के लिए आगे बढ़ने का समर्थन किया। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, अगर आप आईसीसी आयोजनों में न्यूजीलैंड के ट्रैक रिकॉर्ड को देखें, तो वे हमेशा वहां या उसके आसपास ही रहते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट में, अगर आप थोड़ा भी लय में आ जाते हैं, तो कुछ भी हो सकता है। मैं ब्लैककैप्स को वहां देखना पसंद करूंगा और उम्मीद है कि वह अंत में ट्रॉफी उठाएंगे।

# अल्काराज के बाद सबसे कम उम्र के एटीपी क्ले कोर्ट फाइनलिस्ट बने फोंसेका



**ब्यूनस आयर्स, ए. ।** 18 वर्षीय ब्राजीलियाई जोआओ फोंसेका ने सर्बियाई लास्लो जेरे को एक नाटकीय सेमीफाइनल में 7-6(3), 5-7, 6-1 से हराकर अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में प्रवेश किया, जिससे वह 2021 में कार्लोस अल्काराज़ के बाद क्ले कोर्ट पर सबसे कम उम्र के एटीपी फाइनलिस्ट बन गए। 2001 (ब्यूनस आयर्स) में पूर्व विश्व नंबर 20 अर्जेंटीना के जोस अकासुसो के बाद सबसे कम उम्र के दक्षिण अमेरिकी एटीपी टूर फाइनलिस्ट, फोंसेका पांचवें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के खिलाफ अपना पहला एटीपी टूर खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगे, जिन्होंने एक घंटे और 33 मिनट में स्पैनियार्ड पेड्रो मार्टिनेज को 6-2 6-4 से हराया। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, 18 साल 5 महीने और 26 दिन की उम्र में, फोंसेका 2000 के बाद से 10वें सबसे कम उम्र के एटीपी टूर फाइनलिस्ट हैं और ओपन एरा में सबसे कम उम्र के ब्राजीलियाई एटीपी फाइनलिस्ट हैं। फोंसेका ने नेक्स्ट जेन एक्सेलेरेटर प्रोग्राम के माध्यम से ब्यूनस आयर्स में प्रवेश प्राप्त किया, जिसे इस वर्ष विस्तारित किया गया था, जिससे शीर्ष 250 में स्थान पाने वाले 20 और उससे कम उम्र के खिलाड़ियों को इस सत्र में एक एटीपी 250 मुख्य ड्रॉ स्पॉट और दो एटीपी 250 क्वालीफाइंग इवेंट के लिए पात्रता प्राप्त हुई। ब्राजील के इस खिलाड़ी ने 27 फोरहैंड विनर और 11 बैकहैंड विनर लगाए।

उन्होंने शुरुआती सेट में छह ब्रेक पॉइंट बनाए, लेकिन उन्हें कन्वर्ट नहीं कर पाए। एटीपी के अनुसार, टाई-ब्रेक में जाने पर, फोंसेका ने अपना धैर्य बनाए रखा और 7-3 से जीत हासिल की। फोंसेका ने कहा, आज का मैच वाकई मुश्किल था, एक बहुत अच्छे खिलाड़ी के खिलाफ़। वह क्वालीफ़ाई से गुज़रा, इसलिए वह कमाल का टेनिस खेल रहा है। हम पहले से ही जानते थे कि लास्लो कैसे खेल सकता है, उसने एटीपी 500 (2019 में) जीता था।

# चैंपियंस ट्रॉफी में विराट कोहली के नाम हो सकता है बड़ा रिकॉर्ड

### -दिग्गज बल्लेबाज कुमार संगाकारा को छोड़ सकते हैं पीछे



**नईदिल्ली, ए.।** चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है. आईसीसी का ये मेगा इवेंट विराट कोहली के लिए बेहद यादगार हो सकता है. कोहली के नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज हो सकती है साथ ही वे एक दिग्गज बल्लेबाज को पीछे भी छोड़ सकते हैं. इंग्लैंड के खिलाफ हाल में संपन्न वनडे सीरीज के आखिरी मैच में कोहली ने अर्धशतक लगाकर फॉर्म में लौटने और ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने के संकेत दिए हैं.

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान विराट कोहली अपने वनडे करियर के 14000 रन पूरे कर सकते हैं. कोहली ने अबतक 297 वनडे की 285 पारियों में 13963 रन बनाए हैं. सिर्फ 37 रन बनाते ही न सिर्फ वे 14,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बनेंगे बल्कि वनडे के सबसे तेज चौदह हजारी बन सकते हैं. सचिन ने 359 मैच की 350 और संगाकारा ने 402 मैच की 378 पारी में 14000 रन का आंकड़ा छुआ था.

चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान विराट के पास वनडे में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में कुमार संगाकारा को पीछे छोड़ने और दूसरा स्थान हासिल करने का मौका है. संगाकारा ने 14234 रन बनाए हैं. 272 रन और बनाते ही कोहली श्रीलंका के इस दिग्गज को पीछे छोड़ देंगे. 18426 रन बनाकर सचिन तेंदुलकर पहले स्थान पर हैं. 2009 से 2017 के बीच विराट कोहली ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के 13 मैचों की 12 पारियों में 88.16 की औसत से 529 रन बनाए हैं. सर्वाधिक स्कोर नाबाद 96 है. विराट के ये रिकॉर्ड चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान उनके शानदार फॉर्म को प्रदर्शित करता है. टीम इंडिया उम्मीद करेगी कि वे आगामी इवेंट में अपने इसी फॉर्म को बरकरार रखें. विराट ने वनडे करियर में 50 शतक लगाए हैं लेकिन अबतक वे चैंपियंस ट्रॉफी में शतक नहीं लगा सके हैं।

# एनडीपीएस एक्ट के सम्बन्ध में कार्यशाला कर दी जानकारियां




**ललितपुर,ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन्स के सभागार कक्ष में प्रशिक्षणाधिकारी द्वारा एन.डी.पी.एस. एक्ट से संबंधित कार्यशाला का आयोजन कर, राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारी/विवेचकगणों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध विवेचना निस्तारण करने आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सभागार कक्ष में प्रशिक्षणाधिकारी विनायक वशिष्ठ (ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी) द्वारा एनडीपीएस एक्ट से संबंधित कार्यशाला का आयोजन कर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध विवेचना निस्तारण करने आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत बरामदगी करते समय निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए घटनास्थल की वीडियो ग्राफी हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात थाना प्रभारी/विवेचकगण को निर्देशित किया गया कि एनडीपीएस एक्ट की बरामदगी एवं जांच हेतु संबंधित राजपत्रित अधिकारी को अनिवार्य रूप से सूचित करने व राजपत्रित अधिकारी को भौतिक रूप से सत्यापन करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जब्त मादक पदार्थों को समय से परीक्षण हेतु फोरेंन्सिक लैब भेजने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मादक पदार्थों की बरामदकी के समय सर्च, सीजर व सैम्लिंग करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। मालों के निस्तारण की प्रक्रिया को विस्तार से बताया व समझाया गया तथा एन.डी.पी.एस. एक्ट में ज्यादा से ज्यादा कैसे सजा हो सके इसके बारे में विस्तार से सिखाया गया। विवेचकों द्वारा की जाने वाली गलतियों पर चर्चा की गई तथा उनके प्रश्नों व संकाओं को लेकर विस्तृत रुप से समाधान बताया गया। ट्रेनर के द्वारा एन.डी.पी.एस. एक्ट की बारीकियों के बारे में सिखाया व समझाया गया जिससे विवेचना की गुणवत्ता बेहतर हो सके और अपराध करने वाले लोगों पर प्रभावी कार्यवाही हो सके। प्रशिक्षण में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण व समस्त थाना प्रभारी/विवेचकगण आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए पोर्टल हुआ शुरू

## नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ने लोगों से की अपील

## पोर्टल पर अधिक से अधिक फीड बैक देने का आह्वान




**ललितपुर,ब्यूरो।** नगर पालिका परिषद के अन्तर्गत आने वाले सभी छब्बीस वार्डो में स्वच्छता का पैमाना मापने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सिटीजन फीड बैक का पोर्टल खुल गया है। इस पोर्टल पर दस बिन्दुओं को बारी-बारी से मांगी गयी जानकारियों को हिन्दी व अंग्रेजी के माध्यम से साझा किया गया है, जो कि आमजन खोलकर उसमें अपने निर्णय को भरकर सर्वेक्षण कर सकते हैं।

पोर्टल की जानकारी देते हुये नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि शासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 पोर्टल के माध्यम से सीधे तौर पर शहरवासियों से उनकी राय ले रही है कि स्वच्छता की व्यवस्था कैसी है। पोर्टल में मांगे गये दस बिन्दुओं में जानकारी चाही गयी है कि क्या कोई व्यक्ति प्रतिदिन आपके घर व दुकान से कचरा उठाने आता है ? आप अपने आवासीय क्षेत्र की सफाई को दिखाई देने वाले कचरे और नियमित झाड़ू लगाने के मामले में किस प्रकार रेट देंगे? आप अपने क्षेत्र के आसपास कितनी बार कचरे के डंप या कचरे के ढेर देखते हैं? क्या आपके घर में कम से कम सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग किया जाता है? क्या कचरा संग्रहणकर्ता कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में अलग-अलग रखकर वाहन में लोड करता है, या फिर सभी को एक साथ मिला दिया जाता है? आपको क्या लगता है कि स्थानीय अधिकारी सार्वजनिक स्थानों जैसे बाजारों, पार्कों, उद्यानों या अन्य क्षेत्रों में स्वच्छता बनाये रखने में कितने प्रभावी हैं? क्या आप अपने शहर में कचरा प्रबंधन के लिए रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल (आरआरआर) केन्द्रों के बारे में जानते हैं? क्या आप जानते हैं कि यूएलबी/शहरी स्थानीय निकायों में सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई के लिए केबल लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटरों के ही काम पर रखने की अनुमति है? आप अपने क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और रख-रखाव से कितने संतुष्ट हैं? और क्या आपने कभी लोकल अथॉरिटीज को सफाई से सम्बन्धित किसी समस्या (जैसे, कचरे का ढेर, कूड़ेदानों का ओवरफ्लो होना, सफाई का अभाव) की रिपोर्ट की है, और इसका समाधान कैसे किया गया था? इत्यादि पर राय मांगी गयी है। अधिशाषी अधिकारी ने

# जीजीआईसी में ओपिन जिम हो रही कबाड़

## विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि से वर्ष 2023-24 में हुयी निर्मित

## सदर विधायक की संस्तुति पर यू.पी.सिड्को ने किया था निर्माण

**ललितपुर,ब्यूरो।** राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में वित्तीय वर्ष 2023-24 में छात्राओं को व्यायाम के लिए बनायी गयी ओपिन जिम अब कबाड़ होती नजर आ रही है। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की संस्तुति पर कार्यदायी यू.पी. सिड़को द्वारा निर्मित यह ओपिन जिम अभी तक उपयोग में नहीं लायी जा सकी है। हैरत की बात तो यह है कि विद्यालय प्रशासन का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं है। जिससे यह शासकीय धन की बर्बादी ही कहा जा सकता है।



गौरतलब है कि राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में छात्राओं को व्यायाम करने और शारीरिक रूप से दुरुस्त रखने के अलावा खेल प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को ध्यान में रखकर ओपिन जिम का निर्माण कराया गया होगा। लेकिन निर्माण होने के बाद से जालियों के अंदर बंद इस ओपिन जिम का आज तक कोई भी प्रयोग नहीं किया जा सका है।

जिम में व्यायाम के लिए लगाये गये उपकरणों के पास घास जमा हो गयी है, जिससे यह स्वत~ अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां ओपिन जिम निर्माण के बाद से इस जिम का उपयोग किया ही नहीं गया। शासकीय धन को लगाकर बनायी गयी ओपिन जिम का प्रयोग यदि छात्राओं से नहीं कराया जा रहा है तो इसमें विद्यालय प्रशासन की भी गंभीर लापरवाही सामने आ रही है।

# उप निदेशक ने किया प्रोबेशन कार्यालय का निरीक्षण

## बालगृह व सम्प्रेक्षण गृह की देखी व्यवस्थाएं, दिये निर्देश



**ललितपुर,ब्यूरो।** उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी/उप निदेशक झांसी मंडल श्रवण कुमार गुप्ता ने राजकीय बाल गृह (बालक) दैलवारा, चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट, राजकीय सम्प्रेषण गृह (किशोर) नेहरूनगर, सखी वन स्टॉफ सेंटर एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं ठीक पाई गई दोनों संस्थाओं के अध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा गया है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कुछ ऐसा नया हुनर सिखाए जिससे बच्चे मुक्त होने के उपरान्त अपने भविष्य के लिए कुछ अच्छा कार्य कर सके। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) नेहरूनगर के निरीक्षण के दौरान सम्प्रेक्षण गृह में कुल 34 किशोर संस्था में निवासरत पाये गये। संस्था के रिकार्डो का अवलोकन किया गया। संस्था में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगे है। राजकीय बाल गृह (बालक) दैलवारा के निरीक्षण में संस्था में 10 बच्चे निवासरत पाये गये। संस्था में प्रत्येक ब च्चे के लिए अलग-अलग बिस्तर, कम्बल, तकिया कपड़े दिये जाते है। बालकों से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान आदि की गुणवत्ता परखी गयी, सभी बालकों द्वारा व्यवस्थाये ठीक बताई गयी। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थाओं के अधीक्षक, कर्मचारी व बाल संरक्षण समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जी-मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रगति वैद्य ने किया नाम रौशन

**ललितपुर,ब्यूरो।** प्रगति वैद्य ने जी-मेन्स की परीक्षा में 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी एवं शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओमशंकर श्रीवास्तव ने शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित कर बालिका को सम्मानित किया। वहीं उनके परिवार को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी। बताया गया है कि प्रगति वैद्य के पिताश्री जितेद्र वैद्य श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज में भौतिक विज्ञान प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संचालक है। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश, हेमेंद्र बुंदेला, डा.हेमंत तिवारी, जय बुंदेलखंड कॉलेज ऑफ ला पनारी के प्रशासनिक अधिकारी रूपेश साहू, देवेंद्र रावत, अनंत तिवारी, सुशील रावत, जसवंत सिंह आदि ने मेधावी छात्रा की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।



## समाचार

### महापौर अलका बाघमार की विजय जुलूस रैली आज

**दुर्ग।** शहर के नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार ऐतिहासिक जीत के पश्चात दुर्ग शहर के मुख्य मार्ग से दिनांक 17 फरवरी दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे से विजय जुलूस रैली शहर के मुख्य मार्ग से होकर निकली जाएगी आयोजित विजय जुलूस रैली में दुर्ग शहर के वरिष्ठ नेता सहित रैली मार्ग से गुजरने के दौरान वार्डो के विजयी पार्षद भी सम्मिलित रहेंगे आयोजित विजय जुलुस रैली के बारे में जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि दुर्ग शहर की जनता जनार्दन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मोदी जी की गारंटी पर अपना भरोसा बरकरार रखते हुए दुर्ग शहर में भारतीय जनता पार्टी को महापौर में ऐतिहासिक लीड के साथ जीत दिलाई या रिकॉर्ड ना भूतों ना भविष्यति नहीं टूटने वाला वहीं पहली बार इतनी अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद चुनकर आए हैं मैं दुर्ग की जनता जनार्दन का हृदय से आभार और साधुवाद ज्ञापित करता हूं आयोजित होने वाली विजय जुलूस रैली दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय से दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी जो पुराना बस स्टैंड, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कंपलेक्स, पोलसाय पारा, तकिया पारा, होटल मान चौक, कंकालिन मंदिर चौक, चंडी मंदिर चौक ,शिवपारा, गवली पारा, गांधी चौक ,जवाहर चौक से होते हुए भाजपा कार्यालय में जाकर संपन्न होंगी आयोजित रैली में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में सम्मिलित रहेंगे।

### मेडिकल दुकान के गल्ले से 9 हजार पार

**रायपुर, कासं.।** लाखेनगर स्थित मोना मेडिकल स्टोर के गल्ले से अज्ञात चोर ने नकदी 9 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविकांज बजाज 45 वर्ष गोविंद नगर पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी लाखेनगर में मोना मेडिकल नाम से दवाई दुकान चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान में प्रवेश कर गल्ले में रखे नकदी 9 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, कासं.।** बृजनगर नई बस्ती के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हुसैन खान 36 वर्ष बृजनगर नई बस्ती का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीजे 5965 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 6 बदमाश बाइक चोरी कर ले भागे

**रायपुर, कासं.।** दो बाइको में सवार अज्ञात 6 लड़कों ने एक युवक की बाइक चोरी कर ले गए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविशंकर पटेल 27 वर्ष चंगोराभाठा करण नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह कमल विहार सेक्टर 2 के पास अपनी होण्डा साइन बाइक क्रमांक सीजी 04 एलवी 6971 को सड़क किनारे खड़ी कर बाथरूम करने गया, तभी दो बाइकों में सवार अज्ञात 6 लड़कों ने प्रार्थी की बाइक को चोरी कर ले गए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 17 को, रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**रायपुर, कासं.।** इस सप्ताह के पहले दिन सोमवार 17 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान के लिए प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सोमवार को स्कूल कॉलेज शासकीय कार्यालयों में अवकाश रहेगा। हालांकि प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह अवकाश कुछ ही इलाकों में लागू रहेगा।

# प्रोजेक्ट नई किरण में तीन टूटते परिवारों को फिर से मिलाया

**ललितपुर,ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक मो.मुस्ताक की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट में सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद तीन परिवारों में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया।

तीनों परिवार खुशी-खुशी, साथ-साथ रहने को तैयार हो गये और आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का संदेश दिया। वहीं दस अन्य मामलों को अग्रिम तिथि दी गई।

नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोड़कर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस दौरान अजय बरया, डा.एस.पी.पाठक, डा. संजीव कुमार शर्मा, एड.अरमान कुरैशी, थानाध्यक्ष महिला थाना स्वाति शुक्ला, महिला आरक्षी आराधना आदि का विशेष सहयोग रहा।




# क्रयशुदा जमीन पर भवन निर्माण कर अवैध कब्जा करने का आरोप

## पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच पर दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर,ब्यूरो।** जमीन पर भवन निर्माण कर अवैध कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुये पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है। मामले को लेकर सदर चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला तालाबपुरा निवासी छक्कीलाल साहू पुत्र स्व.देवीलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी कमलादेवी साहू ने आराजी संख्या 201 रकवा 0.619 हे., 88/2 रकवा 0.166 हे., 118/2 रकवा 0.154 हे., 195 रकवा 0.603 हे., 840 मि.रकवा 0.316, 200 रकवा 0.105 हे., 69 रकवा 0.073 हे., 202 रकवा 316 हे., 206 रकवा 0.210 हे., 116 रकवा 0.259 हे., कुल किता 10 रकवा 2.821 हे. यानि रकवा 6.97 एकड़ समस्त भूमिधरी आराजी ग्राम पनारी में खरीदी थी, जो कि संक्रमणीय भूमिधरी जमीन हैं। बताया कि उक्त जमीन पर मोहल्ला खिरकापुरा में रहने वाले रमचन्दू तनय स्व रमले, अर्जुन-हरीनारायण, रवि पुत्रगण रमचन्दू एवं परसू तनय स्व.नत्थू एकराय होकर गुण्डागिर्दी के बल पर मकान बनवाकर कब्जा करने की कोशिश कर रहे है। पीड़ित ने इसकी सूचना पूर्व में दी परन्तु वह लोग नहीं मान रहे है और जब पीड़ित ने 14 फरवरी 2025 को अपनी जमीन पर पहुँचा तो उक्त सभी लोगो ने लगभग 5 फिट दीवाल बनाकर कब्जा कर लिया है। उक्त लोगों को जब मना किया तो उक्त लोगों ने मेरे साथ अभद्रता व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उक्त लोग दबंग व झगडालू किस्म के लोग है जो कभी भी किसी भी घटना को अन्जाम दे सकते है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 329 (3), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# साठ हजार रुपये लेकर कपड़े की कतरन भेजने का आरोप

## माल खराब होने पर रुपये वापस मांगने पर दीं गालियां

## पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर,ब्यूरो।** हम्मालन मस्जिद के पास नदीपुरा में रहने वाले मु.इसरार पुत्र अब्दुल अजीज ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह घण्टाघर पर न्यू जिलानी स्टोर का संचालन कर अपना व परिवार का भरण-पोषण करता है। बताया कि उसके पास मोबाइल नम्बर से फोन आया और दूसरी ओर से उसे फोन पर युवक ने अपना नाम हनीफ बताते हुये स्वयं को गुजरात सूरत से कपड़े का थोक व्यापारी बताते हुये कम कीमत में कपड़े देने की बात कही।

बताया कि उसने हनीफ को कपड़े का ऑर्डर दे दिया। इसके बाद उसने हनीफ के एकाउण्ट जो कि हदीशा के नाम पर है में एसबीआई बैंक ललितपुर की सिटी शाखा से 10 दिसम्बर 2024 को 30 हजार रुपये एवं 13 दिसम्बर को फिर से उसी एकाउण्ट में 30 हजार रुपये डाल दिये। बार-बार फोन लगाने पर साई कटपीस सेन्टर सूरत गुजरात के नाम से 24 दिसम्बर को कपड़े की कतरन व खराब माल ट्रांस्पोर्ट से 12,180 रुपये का भेजा, जो किसी काम का नहीं है। खराब माल आने पर सम्पर्क किया तो कहा गया कि फिर से दूसरा माल भेजा जायेगा।

बताया कि उक्त लोगों ने फिर से रुपये मांगे और कई बार फोन लगाने पर उन्होंने रुपये देने से इंकार कर दिया। आरोप है कि हनीफ ने उसके साथ गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये रुपये हड़पने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि उसने अपने रिश्तेदार से रुपये लेकर व्यापार करना चाहा था, लेकिन जानकारी करने पर पता चला कि हनीफ कई लोगों से इस प्रकार की धोखाधड़ी कर चुका है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने हनीफ के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 316 (2) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# शराब के लिए रुपये न देने पर दुकान में लगायी आग

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कल्यानपुरा के मजरा रामनगर निवासी विन्द्रावन पुत्र स्व.रामप्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह एक खोखे में छोटी सी दुकान का संचालन कर गुटखा-बीडी, पान मसाला, नमकीन-बिस्किट इत्यादि बेचता है।

आरोप है कि 13 फरवरी की शाम करीब 4 बजे जब उसकी मां शान्तिदेवी दुकान पर थी, तभी उसका बड़ा भाई लखन आया और मां से शराब पीने के लिए 100 रुपये मांगने लगा। मना करने पर वह चला गया और कुछ ही समय बाद जब वह लौटकर आया तो उसने दुकान में आग लगा दी, जिसे देखकर उसकी मां चिल्लायी। इस दौरान उससे बड़े भाई वीरेन्द्र ने दौड़कर मौके पर जाकर आग बुझाई। यहां आरोप है कि रात करीब 11 बजे उसका भाई लखन दोबारा आया और उसके साथ मारपीट कर फिर से दुकान को आग के हवाले कर दिया, जिससे उसकी दुकान पूर्ण रूप से जल गयी।

# नौकरी लगाने का झांसा देकर 5 करोड़ की ठगी, एक और आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,कासं.।** राजधानी रायपुर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में अलग-अलग सरकारी विभागों में नौकरी लगाने का झांसा देकर 5 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी, कपिल देशलहरे, को गिरफ्तार किया है। अब तक कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और पुलिस जांच में यह सामने आया है कि आरोपियों ने 65 से अधिक बेरोजगारों को अपना शिकार बनाया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपये लिए थे, लेकिन नौकरी नहीं दी। गिरफ्तार आरोपियों में देवेन्द्र जोशी, झगीता जोशी, स्वप्निल दुबे, नफीज आलम, हलधर बेहरा, सोमेश दुबे और अब कपिल देशलहरे शामिल हैं। इन सभी पर विभिन्न धाराओं के तहत सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज किया गया है।

बताया जाता है कि प्रार्थिया अंजना गहिरवार ने 29 जनवरी 2025 को रिपोर्ट दर्ज करायी कि फरवरी 2021 में उसे और अन्य पीड़ितों को नौकरी का झांसा देकर 25-25 लाख रुपये लिए गए थे, लेकिन नौकरी नहीं दी गई। पूछताछ के दौरान आरोपी कपिल देशलहरे ने स्वीकार किया कि उसने लगभग 30 लाख रुपये लेकर बेरोजगारों को खाद्य निरीक्षक और अन्य विभागों में नौकरी लगाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है और इसके साथ ही आरोपियों के बैंक खातों में लगभग 15 लाख रुपये होल्ड कराए गए हैं।अब तक, पुलिस ने लगभग 25 पीड़ितों की पहचान कर ली है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# पेयजल आपूर्ति और सफाई व्यवस्था कायम करना होगी सर्वोच्चा प्राथमिकता :मीनल चौबे

**रायपुर, कासं.।** नगर निगम चुनाव में अब तक का रिकार्ड तोड़ते हुए सर्वाधिक मतों लगभग डेढ़ लाख से भी अधिक मतों से जीतने वाली महापौर मीनल चौबे ने अनौपचारिक चर्चा के दौरान बताया कि रायपुर शहर को पेयजल आपूर्ति एवं सफाई व्यवस्था कायम कर सुंदर राजधानी बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। 15 साल के कांग्रेस के कुशासन के बाद नगर निगम में महापौर बनी मीनल चौबे से शहर की जनता को काफी आशाएं है उन्होंने कहा कि यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं की है। वरिष्ठ नेताओं की मार्गदर्शन में रणनीति बनाकर चुनाव लड़ने से ही उन्हें बड़े भारी मतों से जीत मिली है। उन्होंने कहा कि प्रथम नागरिक बनते ही लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना एवं प्रतिदिन आम लोगों से मिलकर उनकी समस्या सुलझाने पर उनका फोकस रहेगा। शुभ मुहूर्त देखकर वे महापौर पद का पदभार एवं कार्यभार ग्रहण करेंगी। प्रथम दिन ही कामकाज की समीक्षा के साथ लंबित मामलों पर उनकी चर्चा अधिकारियों से होगी। उसके बाद योजना बनाकर एक एक कर सभी समस्या का समाधान किया जाएगा। रायपुर को सफाई व्यवस्था के मामले में टाप टेन पर लाने के लिए जोनवार जिम्मेदारी तय करूंगी। निर्माण कार्य जो लंबित है उसे शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। वार्ड पार्षदों के साथ मिलकर वहां व्याप्त समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा।

# उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत लगभग 40000 नाव साक्षरों ने दी परीक्षा






**मुरैना,कांस।** 16 फरवरी रविवार को नवभारत साक्षरता अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में लगभग 40000 असाक्षरों ने साक्षर बनने के लिए परीक्षा दी। राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा आयोजित यह परीक्षा जिले के सातों विकासखंड में विभिन्न प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के अंदर संपन्न हुई। परीक्षा रविवार के दिन 10ः00 बजे से 5ः00 बजे तक के समय अवधि में संपन्न हुई। इस परीक्षा में ग्रामवासी तथा नगर के अंदर निवास करने वाले 15 वर्ष से ऊपर के असाक्षरों के द्वारा सहभागिता की गई। इस परीक्षा में सेवाभावी छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने माता-पिता तथा परिवारी जनों को विद्यालयों पर भेजा गया। शासकीय माध्यमिक विद्यालय नूराबाद में नोडल अधिकारी श्रीमती कांति राठौर राठौर के नेतृत्व में अक्षर साथी काजल गुप्ता के द्वारा 42 असाक्षरों को परीक्षा में बिठाया इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक विद्यालय चेना विकासखंड जोरा में नोडल अधिकारी कमलेश कुमार शर्मा के द्वारा अक्षर साथी भूप सिंह के सहयोग से 98 नवसाक्षरों को साक्षर करने हेतु परीक्षा दिलाई। मुरैना जेल के अंदर 40 बंदियों के द्वारा नवभारत साक्षरता अभियान के तहत साक्षर होने हेतु परीक्षा दी जिसमें शिक्षक विष्णु कुमार शर्मा के द्वारा पढ़ने लिखने के साथ-साथ संख्यात्मक ज्ञान कराते हुए परीक्षा में सम्मिलित कराया।

# प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा आज मुरैना आयेंगे



**मुरैना,कांस।** मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा एक दिवसीय प्रवास पर 17 फरवरी, 2025 को मुरैना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा 17 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे ग्वालियर से प्रस्थान दोपहर 12 बजे मुरैना पहुंचेंगे। यहां मुख्यमंत्री के के मुख्य आतिथ्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित रहेंगे। कार्यक्रम पश्चात् सर्किट हाउस ग्वालियर के लिये प्रस्थान करेंगे।

# मेरिटोरियस हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव सम्पन्न, बच्चो को पुरस्कार वितरित किए



**कैलारस।** मेरिटोरियस हाई स्कूल जौरा में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में त्यागी समाज के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष हरेंद्र त्यागी जौरा विधायक पंकज उपाध्याय एवं जौरा वीआरसी राजीव सिंह जादोन का आगमन हुआ ।माँ सरस्वती के समक्ष सभी महानुभावो द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ आरम्भ किया गया । इसके उपरांत मेरिटोरियस हाई स्कूल के संचालक श्री बी एल शर्मा जी द्वारा पधारे हुए अतिथियो को माल्या अर्पण एवं स्म्रति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पवन त्यागी द्वारा किया गया इसी तारतम्य को आगे बढ़ाते हुए बच्चो द्वारा अनेक मनमोहक प्रस्तुतिओ से आगंतुक महानुभावों, अभिभावकों एवं पधारे हुए अन्य सभी लोगो का मनमोह लिया ।सभी ने ताली बजाकर बच्चो का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर माननीय विधायक पंकज उपाध्याय , राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष हरेंद्र त्यागी जएवं विद्यालय संचालक वीएल शर्मा ने अपने संबोधन द्वारा बच्चो का मार्गदर्शन किया । किसी कार्यक्रम को सफल बनाने में उस परिवार की अहम भूमिका होती है मेरिटोरियस विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं ने अपने अथक प्रयास से कार्यक्रम को सफल बनाया। मेरिटोरियस हाई स्कूल में वर्षभर में आयोजित कार्यक्रम राखी मेकिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, दिया मेकिंग प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता जी के टेस्ट एवं जी के क्यज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता के साथ समय-समय पर आयोजित अन्य प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने वाले बच्चो को माननीय विधायक पंकज उपाध्याय एवं माननीय युवा अध्यक्ष हरेंद्र त्यागी, वीआरसी राजीव सिंह जादोन एवं विद्यालय संचालक श्री वीएल शर्मा जी द्वारा बच्चो को सर्टिफिकेट, सील्ड, मेडल एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया । विद्यालय से 10th class के गतवर्षो से सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र कु. मोनिका त्यागी,ऋतु गौड,काजल त्यागी ,हिमेश त्यागी,अंजली रावत , कृष्णकांत त्यागी को सील्ड एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया ।

# राम राज्य पहले स्वयं के ह्रदय में हो तब समाज को अनुसरण दे : भुवनेश्वर दास

**रोटे कैलाश अग्रवाल ने चित्रकूट न्यास पर की वानर सेवा, 18 लोगों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प, बड़ी संख्या में वितरित हुए वस्त्र, साड़ी सूट एवं चश्मे, 271 मरीज और 30 सेवक हुए उपस्थित**



**मुरैना,कांस।** मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई इसके साथ ही 271 मरीजो ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया, विषय बार मरीजो की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 90 स्व- जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 74, नाक कान गला 48, सर्जरी 43, अस्थि रोग 46, नैत्र रोग 25, अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट0, ब्लड प्रेसर की जाँच 40, ई.सी.जी 1, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 30, नशा छोड़ने का संकल्प लिया 18, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 31, एम्स में पंजीयन0 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष मे- दांत शल्य क्रिया61, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायिरिया का इलाज21, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमेङ्क आँखों की जाँच 14 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की।

डॉ एस.के.शर्मा, डॉ बी.एल..राजपूत, डॉ मुकुल सिंघल, डॉ दीपक बंसल, गुड्डी, सलोनी, लक्ष्मी, कस्तूरी, ममता, ओमवती, राजश्री, रामकली, मनीराम, हाकिम, होतम, रमेश बाउजी, श्याम शर्मा, सुरेश महेश्वरी, भगवान शर्मा, दीपू तोमर, मयूर, रामसिंह, परोसतम, रामवीर, लखन दास, महावीर, गौरव, अभिषेक, धीर, पवन ने निःशुल्क सेवाए प्रदान की। प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना ईलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया। आज परमार्थ न्यास भुवनेश्वर दास जी पधारे आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर ह्रदय से प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि हिन्दू शास्त्र बताते हैं कि मनुष्य इस विशिष्ट पृथ्वी की ओर इसीलिये आकृष्ट होता है कि एक के बाद एक जन्म में वह उन अनगिनत तरीकों को अधिकाधिक पूर्णता के साथ सीख सके, जिनके द्वारा आत्मा भौतिक परिस्थितियों में अपने दिव्यत्व को व्यक्त कर सकती है और उन पर अपने प्रभुत्व को प्रकट कर सकती है। पूर्व और पश्चिम अलग-अलग तरीकों से इस महान सत्य को सीख रहे हैं और उन्हें खुशी से अपनी उपलब्धियों का आदान-प्रदान करना चाहिये। इसमें कोई सन्देह ही नहीं कि ईश्वर की पृथ्वीवासी संतानें दारिद्र्य, रोग और आत्मा के अज्ञान से मुक्त विश्व-सभ्यता को स्थापित करने के लिये प्रयत्न करती हैं तो ईश्वर को इससे अत्यंत प्रसन्नता होती है। अपनी आत्मा की शक्ति को भूल जाना (स्वतन्त्र इच्छाशक्ति के दुरूपयोग का परिणाम) ही अन्य सभी दुःखों का मूल कारण है। ÷समाज÷ के नाम जो बुराइयाँ मढ़ दी जाती हैं, उनके लिये वस्तुतः प्रत्येक मनुष्य को दोषी पाया जा सकता है।

रामराज्य पहले प्रत्येक ह्रदय में प्रकट होना चाहिये, तब वह समाज में फैलेगा, क्योंकि आंतरिक सुधार होने पर बाह्य सुधार अपने आप ही होते हैं। जो मनुष्य अपने आपको सुधार लेगा, वह हज़ारों को सुधार सकता हे ईश्वर का मित्र बनने के लिये मनुष्य को अपने कर्मों की बुराइयों पर विजय पानी होगी क्योंकि ये बुराइयाँ ही उसे माया के मोह जाल में कायरतापूर्ण आत्मसमर्पण कर देने के लिये प्रोत्साहित करती हैं। कर्म के वज्र नियम का ज्ञान सच्चे साधक को उसकी पकड़ से बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिये प्रोत्साहित करता है। माया से अंधे बने मन की इच्छा-वासनाओं के कारण ही मनुष्य कर्मों का गुलाम बन कर रह जाता है, इसीलिये योगी मनःसंयम अर्थात चित्तवृत्तिनिरोध पर ध्यान देता है। जब कर्मजनित अज्ञान के विभिन्न पर्दे हट जाते हैं, तब मनुष्य अपने को अपने सच्चे स्वरूप में देखता है। आज मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में मैने देखा कि समस्त सेवक जिस उदार भाव व वाणी से सेवा करते हैं उसे देखकर मैं ह्रदय से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ एवं जन मानस से आग्रह करता हूँ कि यहाँ प्रभु के दीन स्वरूप की सच्ची सेवा का लाभ ले। मैं सभी को आशीष, शुभकामनाएं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि परमार्थ न्यास के सभी सेवकों में जन मानस की सेवा सत्कर्म का भाव सदैव इसी प्रकार बना रहे। और यह सेवा सत्कर्म निरंतर चलता रहे।

**जरूरमंदो के लिए एक पहेल** - हमारा परमार्थ न्यास एम एस रोड पर भोज भवन के सामने स्थित है हर रविवार गरीबों व जरूरतमंदो को निशुल्क उपचार, दवाईयां और कपड़े उपलब्ध कराता है।

अगर किसी के घर में जो दवाईयां और कपड़े उपयोग में ना हो वो लोग गरीबों व जरूरतमंदो के उपयोग हेतु हमे प्रदान कर सकते हैं या स्वयं परमार्थ न्यास पर आकर स्वयं दान दे सकते हैं। आपकी एक पहल जरूरतमंदो के बहुत काम आएगी। सभी शहर वासियों से निवेदन है कि शव को सुरक्षित रखने हेतु डीप फ्रीजर का उपयोग आवश्यकता होने पर किसी भी समय परमार्थ न्यास से 9827090180 पर संपर्क कर किया जा सकता है।

# राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**1512 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में 197 और द्वितीय पाली में 217 रहे अनुपस्थित**



**मुरैना,कांस।** राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 मुरैना जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण पूर्ण 04 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को सम्पन्न हुई। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरैना जिले में राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 04 परीक्षा केंद्र बनाये थे। जिनमें 1 हजार 512 परीक्षार्थी उपस्थित होने थे, जिनमें से प्रथम पाली में 1315 उपस्थित रहे और 197 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 1295 उपस्थित रहे और 217 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# 'हरि पर्वत' पर कलेक्टर श्रीमती चौहान की अगुआई में सामाजिक संस्थाओं ने रोपे पौधे

**अलापुर पहाड़ी पर 'हरि पर्वत' के रूप में विकसित हो रहा है अर्बन वन**



**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर की अलापुर पहाड़ी को शहरी वन के रूप में विकसित कर हरीतिमा की चादर ओढ़ाई जा रही है। इसे ÷हरि पर्वत÷ नाम दिया गया है। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से किए जा रहे इस रचनात्मक कार्य में शहरवासी भी बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभा रहे हैं। रविवार को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय की अगुआई में जेसीआई से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं और एनसीसी के बच्चों ने हरि पर्वत पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस अवसर पर अपर आयुक्त नगर निगम श्री मुनीष सिकरवार, स्त्री शक्ति मंच की संस्थापक अध्यक्ष एवं जेसीआई मृगनयनी की अध्यक्ष तथा जेसीआई से जुड़े अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं और एनसीसी के बच्चों ने बढ़-चढ़कर पौधे रोपे। साथ ही नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों, पर्यावरण प्रेमी और अन्य सामाजिक संस्थाओं से जुड़े नागरिकों ने भी पौधरोपण किया।

**शहर के कचरे, पराली, भूसा, गौमूत्र व गोबर से वनीकरण के लिये तैयार हुआ है ÷हरि पर्वत÷**

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार कैत ने गत 30 नवम्बर को पौधे रोपकर ÷हरि पर्वत÷ पर अर्बन वन की शुरूआत की थी।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बताया कि न्यायमूर्ति श्री आनंद पाठक की पहल से प्रेरित होकर प्रदेश सरकार की सिटी फॉरेस्ट योजना के तहत गत 7 नवम्बर को अलापुर पहाड़ी को अर्बन वन के लिये तैयार करने का काम शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि अलापुर पहाड़ी को वनीकरण के लिये तैयार करने में शहर का हरा व गीला कचरा, जलकुंभी, राख, पराली, भूसा, गौमूत्र व गोबर इत्यादि का इस्तेमाल किया गया है। हरि पर्वत को देश भर में वनीकरण के लिये विख्यात ÷राम आस्था मिशन÷ के सहयोग से अर्बन वन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# बोर्ड परीक्षाओं की ड्यूटी अत्यावश्यक सेवा घोषित

**आदेश के उल्लंघन पर तीन साल तक के कारावास का प्रावधान**

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जा रही हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री परीक्षाओं में जिन अधिकारी-कर्मचारी व शिक्षकों की ड्यूटी लगी है, राज्य शासन द्वारा उनकी सेवाएँ अत्यावश्यक सेवाएँ घोषित की गई हैं। 15 फरवरी से 15 मई 2025 तक की अवधि के लिये इन शासकीय सेवकों की सेवायें अत्यावश्यक घोषित की गई हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने इस आशय के आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री आदर्श कटियार ने बताया कि अत्यावश्यक सेवाओं से संबंधित आदेश के उल्लंघन पर ÷मध्यप्रदेश अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विछिन्नता निवारण अधिनियम 1979÷ की धारा-4, 5 व 7 के तहत दण्डनीय कार्रवाई की जायेगी। जिसमें तीन साल तक के कारावास का प्रावधान है। इसलिए जिन अधिकारी-कर्मचारियों की बोर्ड परीक्षाओं में ड्यूटी लगाई गई है वे निर्धारित समय पर अपने कर्तव्य पर उपस्थित होकर सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा नागपुर 23 फरवरी को जाएगी

**दतिया।** अपर कलेक्टर धर्मार्थ शाखा दतिया श्री नीरज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उप सचिव मध्य प्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग भोपाल के पत्रानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा 23 फरवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक के लिए नागपुर को जाएगी।

उक्त यात्रा में डॉ. बाबा अम्बेडकर साहब की जन्मस्थली नगर (महू) भी सम्मिलित है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 17 फरवरी 2025 तक लिए जाएंगे। इस यात्रा के संबध में नगरपालिका, नगर परिषद, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायतों तथा अन्य ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाए। यात्रा के आवेदन पत्र दतिया तहसील नगरीय एवं ग्रामीण के आवेदन पत्र तहसील में एवं अन्य तहसीलों के आवेदन संबधित तहसीलों में जमा किए जाएंगे। संबधित अनुविभागीय अधिकारी इस हेतु एक पृथक से काउण्टर खुलवाएंगे तथा नियमानुसार परीक्षण कर आवेदन प्राप्त करने हेतु एक लिपिक तथा एक ऑपरेटर की डयूटी लगाई जाए।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे पर दुःख व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अचानक भीड़ बढ़ने से हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में लोगों के हताहत होने पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पीड़ादायक घटना से प्रभावित शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की।

# एक दिवसीय संभागीय संयुक्त प्रशिक्षण कार्यशाला एस सी/एस टी अत्याचार निवारण के तहत जिला ग्वालियर में संपन्न

**ग्वालियर।** लोक अभियोजन संचालनालय म0प्र0 भोपाल के निर्देशन में जिला लोक अभियोजन संचालनालय जिला ग्वालियर द्वारा आज दिनांक 16.02.2025 को ÷अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम विषय आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में ग्वालियर संभाग (जिला ग्वालियर, जिला दतिया, जिला गुना, जिला शिवपुरी, जिला अशोकनगर) के अभियोजन अधिकारीगण एवं पुलिस अनुसंधान अधिकारीगण द्वारा प्रतिभागी के रूप में भाग लिया गया। इस संभागीय कार्यशाला की अध्यक्षता श्री अरविंद सक्सैना (भा0पु0 से0) पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन द्वारा की गई। इस कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि श्री दीपेन्द्र सिंह कुशवाह अतिरिक्त महाधिक्ता म0प्र0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर, सम्माननीय अतिथि श्री पवन पाठक, अध्यक्ष अभिभाषक संघ म0प्र0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर, श्री रविन्द्र दीक्षित एवं अजय के0 निरंकारी शासकीय अधिवक्ता म0प्र0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर, एवं अभियोजन अधिकारीगण तथा पुलिस अनुसंधान अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। उक्त कार्यशाला में विधि विशेषज्ञ श्री विजयदत्त शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता म0प्र0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अभियोजन एवं अनुसंधान अधिकारी की भूमिका के संबंध में एवं श्रीमती प्रगति नायक विधि अधिकारी/जिला अभियोजन अधिकारी (अजाक) ग्वालियर जोन ग्वालियर द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के संबंध में प्रतिभागतियों का ज्ञानार्जन किया। उक्त कार्यशाला में माननीय न्यायाधीपति श्री एम0के0 मुद्गल (सेवानिवृत्त) म0प्र0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत जाति प्रमाण पत्र को प्रमाणित करने की विधि एवं प्रक्रिया तथा गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं अभियोजन की भूमिका संबंध में उद्बोधन कर प्रतिभागियों को लाभान्वित किया। उक्त कार्यशाला में प्रभारी उपसंचालक श्री प्रवीण दीक्षित जिला लोक अभियोजन संचानालय ग्वालियर के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया एवं मंच संचालन श्री अनिल कुमार मिश्रा अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी के द्वारा किया गया।

# थाना कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

## बाड़े पर चेकिंग के दौरान बाइक लेकर भागे चालक की तलाष कर, थाना कोतवाली पुलिस ने बाइक जप्त कर की चालानी कार्यवाही

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देष पर जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों की धरपकड़ करने हेतु वाहन चेकिंग की जा रही है। उक्त निर्देषों के अनुक्रम में अति. पुलिस अधीक्षक(पष्चिम) श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान द्वारा अधीनस्थ समस्त थानों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में रेण्डम चेकिंग करने हेतु निर्देषित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार सीएसपी लष्कर श्री आयुष गुप्ता(भापुसे) के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आर.के.सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दिनांक 15.02.2025 को महाराज बाड़ा पर वाहन चेकिंग की जा रही थी, वाहन चेकिंग की कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम द्वारा एक टीवीएस कंपनी की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी07-एनएस-4007 के चालक को रोका गया लेकिन उसके द्वारा मोटर साइकिल न रोककर मौके से भागने का प्रयास किया उसको रोकने के दौरान वाहन चेकिंग में लगे पुलिस अधिकारी को गिरने से चोट भी आई। इसकी जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(पष्चिम) के निर्देश पर सीएसपी लश्कर के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज की मदद से वाहन चालक को चिन्हित कर उसकी तलाश की गई और तलाशी के दौरान आज दिनांक 16.02. 2025 को महाराज बाड़ा में पुनः वाहन चेकिंग के दौरान उक्त मोटरसाइकिल के वाहन चालक अमित शर्मा पुत्र कैलाश शर्मा उम्र 19 साल निवासी करौली माता मंदिर के पास महलगांव ग्वालियर की तलाश कर एम.व्ही एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही कर वाहन जप्त किया गया।

**सराहनीय भूमिका** - थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आर.के.सिंह, उप निरी. बनवारी लाल मिश्रा, सउनि अरूण सिंह तोमर एवं आरक्षक विनीत मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

# समर्थन मूल्य पंजीयन निर्धारित तिथि में कराएं

**दतिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी श्री एमएल मालवीय ने बताया कि रबी उर्पाजन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ के उर्पाजन के लिए कृषक पंजीयन कार्य हेतु शासन द्वारा निर्धारित तिथि 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक की गई है। किसानों द्वारा नियत स्थानों एवं तिथियों में पंजीयन कराया जाए। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था अंतर्गत 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जावे। उक्त संबध में जिले के किसान भाईयों से अपील है कि किसान भाई समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय करना चाहते है तो वह अपना पंजीयन निर्धारित तिथि में अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्र ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर उपस्थित होकर करा सकते है अथवा स्वयं एमपी किसान एप के माध्यम से कर सकते है। जो किसान भाई पंजीयन नहीं करवाएंगे तो वह अपनी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय नहीं कर सकते है।

# भगवान श्रीराम की परंपरा से जुड़ने वाले लोधा समाज ने अपने संस्कारों, परिश्रम और पराक्रम से प्रदेश के विकास में दिया महत्वपूर्ण योगदान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सभी समाज हो रहे हैं समर्थ और सक्षम
## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया लोधा समाज के सामाजिक भवन का भूमि-पूजन



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीराम की परंपरा से जुड़ने वाले लोधा समाज ने अपने संस्कारों, परिश्रम और पराक्रम से प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब-युवा-अन्नदाता और नारी के सशक्तिकरण अर्थात ज्ञान पर ध्यान के परिणाम स्वरूप सभी समाज, समर्थ और सक्षम हो रहे हैं और भारतीय संस्कृति एवं सनातन की ध्वजा सर्वत्र लहरा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर ही देश में पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। लोधा समाज द्वारा प्रदेश की राजधानी में बनाया जा रहा सामाजिक भवन, मांगलिक कार्यक्रमों की आयोजन स्थली बनने के साथ ही समाज के युवाओं को बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण आदि प्राप्त करने के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक भवन के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा कहा कि राज्य

### भवन के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा

सरकार सामाजिक गतिविधयों के लिए हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को लोधा समाज के सामाजिक भवन के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और उनकी सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों की जमीन संबंधी सभी कार्य घर बैठे हों, इस उद्देश्य से प्रदेश में साइबर तहसील की व्यवस्था आरंभ की गई है। किसानों को बड़े बिजली के बिलों से मुक्ति दिलाने के लिए सोलर पंप सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश के सभी अंचलों में सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना के साथ ही चंबल-कालीसिंध-पार्वती नदियों को जोड़ने का काम शुरू हो गया है। किसानों के लाभ के लिए ही गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से दूध पर बोनस देने की व्यवस्था भी की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री समिट का क्रम आरंभ किया गया। अब 24-25 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट होने जा रही है। प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस वैश्विक आयोजन का शुभारंभ करेंगे। देश ही नहीं विदेश के औद्योगिक समूह भी प्रदेश में उपलब्ध पर्याप्त भूमि-जल-ऊर्जा की उपलब्धता के कारण मध्यप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को राज्य सभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया और विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और समाज के आराध्य लोधेश्वर भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक भवन के भूमि-पूजन अवसर पर प्रकाशित स्मारिका और ÷किसान की गाथा÷ वार्षिक डायरी का विमोचन किया। साथ ही समाज के प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को प्रशस्ति-पत्र भेंट किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सिवनी मालवा के विधायक तथा अखिल भारतीय लोधा समाज के अध्यक्ष श्री प्रेम शंकर वर्मा ने शॉल श्रीफल भेंट कर अभिवादन कर स्मृति-चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में पधारे जिलों के समाज अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री का विशाल माला से सामूहिक स्वागत किया। कार्यक्रम में जानकारी दी गई की लोधा-समाज द्वारा बनाया जा रहा भवन, समाज की सांस्कृतिक प्रगति का माध्यम बनेगा। भवन में मांगलिक कार्यों के आयोजन के साथ ही पढ़ाई, नौकरी एवं इंटरव्यू आदि के लिए भोपाल आने वाले युवाओं को आवास सुविधा उपलब्ध होगी। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आसपास के गांव एवं नगरों से भोपाल आने वाले लोगों को भी इस भवन का लाभ मिल सकेगा।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सौंपे गये दायित्वों को अधिकारी समय पर पूर्ण करें : कलेक्टर



**मुरैना,कांस।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 17 फरवरी को मुरैना जिले के भ्रमण पर रहेंगे। मुख्यमंत्री के मुरैना जिले में तीन कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिनमें प्रथम कार्यक्रम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण, द्वितीय कार्यक्रम चम्बल नदी पर घड़ियालों के बच्चों को छोड़ना और तीसरा कार्यक्रम सिय-पिय मिलन और गौशाला का निरीक्षण रहेगा। सभी कार्यक्रमों के लिये संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये है। सौंपे गये दायित्वों का अधिकारी समय पर पूर्ण करें। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। बैठक के पश्चात् कलेक्टर ने चम्बल नदी पर की जा रही तैयारियों का जायजा भी लिया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, डीएफओ श्री सुरजीत जे. पाटिल, आयुक्त नगर निगम श्री सत्येन्द्र धाकरे सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री अंगारेश्वर महादेव की सपत्निक पूजा-अर्चना की



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार सुबह उज्जैन स्थित भगवान श्री अंगारेश्वर महादेव के सपत्निक दर्शन कर पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री अंगारेश्वर का दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक भी किया। पूजन, जलाभिषेक कर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि 84 महादेव में से एक, यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है। पुजारी श्री मनीष उपाध्याय,श्री रोहित गुरु ने मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। पूजा के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ सेवा की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्री रवि सोलंकी, श्री बहादुर सिंह बोरमुंडला,श्री अभय यादव शाहिद अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने कन्या छात्रावास भवन तथा श्री अन्न भण्डार भवन का किया लोकार्पण

## कृषि महाविद्यालय के विकास के लिए 12.37 करोड़ की कार्ययोजना शीघ्र होगी लागू : उप मुख्यमंत्री





**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कृषि महाविद्यालय परिसर में अवनि कन्या छात्रावास भवन तथा श्री अन्न प्रसंस्करण एवं भण्डारण भवन का लोकार्पण किया। इनका निर्माण एक करोड़ 5 लाख रूपये की लागत से कराया गया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा कृषि महाविद्यालय 1952 से स्थापित है।

इसके भवन निर्माण तथा अधोसंरचना विकास के अन्य कार्यो की बहुत आवश्यकता है। इसके लिए बनायी गयी 12 करोड़ 37 लाख रूपये की कार्ययोजना विश्वविद्यालय से मंजूरी मिलने के बाद शीघ्र लागू होंगी। महाविद्यालय में नये संकायों के खोलने, प्राध्यापकों की नियुक्ति तथा शोध के लिए सुविधाएँ उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय विन्ध्य में श्री अन्न की वैज्ञानिक विधि से खेती के लिए बडे केन्द्र के रूप में विकसित होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि महाविद्यालय को कुछ महीने पहले सुन्दर सड़क का उपहार दिया गया है इसमें शीघ्र ही स्ट्रीट लाइट लगायी जायेंगी। इस सड़क के दोनों ओर महाविद्यालय वृक्षारोपण करा के हराभरा बनायें। आज 30 विस्तर कन्या छात्रावास का लोकार्पण किया गया है। इससे छात्राओं को बहुत सहूलियत होगी। इस महाविद्यालय में लगभग 40 प्रतिशत छात्राऐं हैं। महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों का प्लेसमेंट शत-प्रतिशत है। इसके लिए मैं महाविद्यालय को बधाई देता हूँ। समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि महाविद्यालय में श्री अन्न स्टोर और प्रसंस्करण केन्द्र बन जाने से विन्ध्य के किसानों को कोदों, कुटकी, मक्का, ज्वार, बाजरा जैसे श्री अन्न के उन्नत बीज मिलेगें।

# करह धाम आश्रम पर सिय पिय मिलन समारोह के पचवें दिन रही अपार भीड़





**मुरैना/बानमोर।** करह धाम आश्रम पर सिय पिय मिलन समारोह के पांचवे दिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। यहां राष्ट्पति पुरष्कृत स्वामी फतेहकृष्ण शर्मा रसराज जी मंडली के मथुरा वृंदावन से आए कलाकारो द्वारा भगवान कृष्ण की रासलीलाओं का सुंदर मंचन किया गया ।यहां 7 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में साधु संतों सहित 50हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। यहां 24 घंटे रामधुन तथा हरे रामा हरे कृष्णा की धुन पिछले 5 दिन से लगातार चल रही है यहां सुबह 10ः00 बजे से 2ः00 बजे तक रासलीला तथा 2ः00 बजे से 6ः00 बजे तक प्रवचनो का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन की कड़ी देखरेख में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यहां बेरीकैडिग की व्यवस्था की गई है। जिससे मेले में शांति व्यवस्था बनी रहे। ग्वालियर के आचार्य दामोदर प्रसाद शास्त्री द्वारा यज्ञशाला में रोजाना एक दर्जन से अधिक जोड़े बैठा कर हवन कराया जा रहा है। 7 दिन तक चलने वाले इस मेले कार्यक्रम में इस बार निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जहां पर 500 से अधिक रोजाना दो पहिया तथा चार पहिया वाहनों की निशुल्क देखभाल करने की व्यवस्था की गई है। करह धाम पर चल रही गौशाला में 70000 से अधिक पशुओं के खानै पीने की व्यवस्था की जा रही है।

# राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का विमानतल पर आत्मीय स्वागत

## सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**ग्वालियर,नसं.।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल रविवार को दो दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर पधारे। ग्वालियर विमानतल पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यपाल श्री पटेल 17 फरवरी को डबरा एवं घाटीगाँव विकासखंड में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। विमानतल पर संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, आईजी श्री अरविंद सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अविनाश तिवारी सहित अधिकारियों ने अगवानी की। राज्यपाल श्री पटेल हैलीकॉप्टर से श्योपुर जिले से ग्वालियर विमानतल पधारे। विमानतल से व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार पहुँचे। सर्किट हाउस में प्रशासनिक अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की।




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
प्रदेश संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, सह संपादकः अभिषेक कृष्ण पाराशर मो.88992 68088, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।